Hon. Madam Chairperson, through you, I want to draw the kind attention of the Central Government to a burning issue currently affecting my State, that is, African Swine Fever (ASF), which has affected the livestock and livelihoods of thousands of people. As per the latest reports, the pig farmers of our State have suffered financial losses of over Rs 200 crore due to the recent outbreak of ASF.

Since February 2024, the ASF has caused deaths of over 8,251 pigs and culling of over 15,000 pigs, as per the official records. This number is bound to be much more as there are a number of unreported cases. I would specifically like to highlight the hardship being faced by some of our pig farmers who have taken loans worth several crores but have lost everything due to this outbreak.

(1255/VR/SPS)

Madam, even before this recent outbreak, the State has been plagued by African Swine Fever (ASF) for many decades. Such is the magnitude of this problem. Even I myself have been affected personally by this outbreak. After the results of the Lok Sabha elections were announced, I could not even celebrate my victory properly as my own locality was declared as an infected area.

I, therefore, request the hon. Union Minister of Animal Husbandry to help us containing the spread of ASF immediately, and to help in finding out measures to contain it permanently.

Keeping in view the hardship faced by our pig farmers, a project proposal for revival of the piggery sector amounting to Rs 26,725 crore had already been submitted to the Central Government. I must mention that no financial aid has been received yet to compensate for the livestock which have been lost due to the disease but not due to culling. I, therefore, urge the hon. Union Minister of Animal Husbandry to kindly look into this personally and give favourable consideration to the proposal at the earliest.

Madam, from 2021 to June, 2024, in about three and a half years, about 55,602 pigs have died from ASF, and about 40,540 pigs have been culled. So, the total loss of pigs in terms of number has been 96,142. A total of 22,718 families and 652 villages have also been affected due to the deadly disease.

Thank you, Madam.

श्री राहुल सिंह लोधी (दमोह) : माननीय सभापति महोदया, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं दमोह संसदीय क्षेत्र की जनता का भी आभार व्यक्त करता हूं कि उनके आशीर्वाद से मैं यहां पहुंचा हूं।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में दो विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हैं। वहां एक जागेश्वर नाथ धाम है, जहां पर निरंतर श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। मैं इसके विषय में माननीय रेल मंत्री जी से भी मिला हूं और उनसे विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज के विषय में चर्चा की है। इसकी आवश्यकता पूर्ण होना बहुत आवश्यक है। इसके साथ ही एक और स्थान है, जो हमारे जैन समाज के तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। मैं उसके विषय में भी जानकारी देना चाहता हूं। इससे पहले वर्ष 2004 और वर्ष 2011 में जबलपुर से दमोह और दमोह से वाया कुंडलपुर पन्ना के लिए रेल मार्ग की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसका सर्वे भी हुआ था। यदि यह लाइन पड़ती है तो इससे हम लोगों को दो फायदे होंगे। वर्तमान में जब हम दिल्ली की ओर आते हैं तो हमें पहले जबलपुर से कटनी, कटनी से दमोह और दमोह से सागर होते हुए दिल्ली आना पड़ता है, जिसमें लगभग 200 किलोमीटर का सफर तय करते हैं। यदि यह लाइन जबलपुर से दमोह वाया कुंडलपुर बढ़ती है तो 100 किलोमीटर का डिस्टेंस कम होगा। इसके अलावा यदि यह लाइन दमोह से वाया कुंडलपुर पन्ना जाएगी तो अच्छा होगा, क्योंकि वहां पर तीर्थ क्षेत्र है, जहां कुंडलपुर के बड़े बाबा है। इनकी पूरे विश्व में ख्याति है। वहां पर लोगों का आवागमन होता है। यदि यह लाइन डालते हैं तो विश्वास मानिए यह सरकार का और माननीय रेल मंत्री जी का जैन समाज के लिए एक बहुत बड़ा कदम होगा और सच्ची श्रद्धांजलि हमारे बड़े बाबा के चरणों में होगी।

महोदया मैं आपके माध्यम से आग्रह करता हूं कि यह रेल मार्ग शीघ्रातिशीघ्र बनना चाहिए, जिससे दमोह से कुंडलपुर और कुंडलपुर से पन्ना के लिए लोगों का आवागमन हो सके। आपने मुझे अपनी बात रखने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

(1300/MM/SAN)

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) : महोदया, मैं बिहार के सीमांचल किशनगंज से आता हूं। वहां हर तरह की सब्जी और फल होते हैं, लेकिन बाजार नहीं होने के कारण किसानों को बहुत ही सस्ते दामों पर अपनी उपज बेचनी पड़ती हैं। फल और सब्जी ही नहीं, वहां जूट और चाय की भी खेती होती है, वहां के हिसान इससे जुड़े हुए हैं। लेकिन सरकारी मदद नहीं होने के कारण वहां से लोगों को पलायन करना पड़ता है। इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस पॉप्युलेशन के ज़रिए यह बताया गया है कि बिहार में 50 परसेंट से ज्यादा हाउसहोल्ड अपने स्टेट से बाहर काम करने जाते हैं। हमारे यहां लगभग 80 परसेंट लोग, हर परिवार से एक या दो लोग, बाहर जाते हैं। मेरी गुज़ारिश है और वैसे भी वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के अंडर किशनगंज के पाइनेप्प्ल को दिया गया है। वहां पाइनेप्पल की बहुत खेती होती है। पूरे हिन्दुस्तान में पाइनेप्पल वहां से जाता है, लेकिन हमें सही प्राइस नहीं मिल पाती है। मेरी गुज़ारिश है कि इन हालातों को देखते हुए और सरकार कहती भी है – वोकल फोर लोकल। अगर सरकार की यह बात सही है तो मेरी गुज़ारिश होगी कि इस सरकार के ज़रिए सेंट्रल गवर्नमेंट फण्डेड मेगा फूड पार्क वहां बनाया जाए ताकि हमारी क्रॉप की मुनासिब कीमतें मिल पाएं। इसके अलावा, स्टेट से जो माइग्रेशन हो रहा है, वह रुक पाए और लोगों को जॉब्स मिल पाए। यह हमारी गुज़ारिश है, बहुत-बहुत शुक्रिया।

ADV. GOWAAL KAGADA PADAVI (NANDURBAR): Thank you Madam Chairperson. Please give me three minutes to speak.

सर्वप्रथम, सभापति महोदया, मैं आपका धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं कि आपने मुझे विश्व आदिवासी दिवस के पुनीत अवसर पर अपनी बात रखने की अनुमति दी।

विश्व आदिवासी दिवस हर वर्ष ९ अगस्त को विश्व के आदिवासी जनों के अधिकारों की रक्षा और समर्थन के लिए मनाया जाता है। आज का दिन आदिवासी समुदायों के महत्वपूर्ण योगदान और उपलब्धियों को मान्यता देने का अवसर है जो एक बेहतर संसार बनाने में सहायक है। यह अवसर हमें आदिवासी जनों द्वारा दुनिया में जो सामाजिक धरोहर, परंपराएँ, भाषाएँ और अनुभव जोड़े गए हैं, उन्हें मनाने और संजोने का अवसर देता है। यह शुभ दिन आदिवासी समुदाय के बीच एकता विकसित करने और व्यापक लोगों में जागरूकता बढ़ाने की उम्मीद करता है।

परंतु, दुर्भाग्य से, आज वास्तविकता अलग है। भारत में आदिवासी जनों की समस्याएँ बहुत हैं, जिसमें सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। आदिवासी छात्रों की ड्रॉपआउट दर अत्यधिक ऊँची है, विशेष रूप से माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तरों पर। आदिवासी क्षेत्रों में बाल विवाह एक जटिल सामाजिक समस्या है। स्वास्थ्य के संदर्भ में आदिवासी आबादी की बड़ी समस्याएँ हैं। ऐसे स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों की कमी है जो अनुसूचित क्षेत्रों में काम करने के लिए प्रशिक्षित और तैयार हों। यह मुद्दा आदिवासियों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण बाधा बन गया है। अधिकांश आदिवासी गरीब हैं। अधिकांश आदिवासियों का प्राथमिक व्यवसाय शिकार, संग्रहण, और कृषि है, जिससे न के बराबर मुनाफा मिलता है।

सभापति महोदया, आदिवासी लोग प्रकृति की पूजा करते हैं और अपनी दैनिक दिनचर्या में पर्यावरण संरक्षण का पालन करते हैं। उनके लिए प्रकृति की रक्षा सबसे पहले आती है। प्रकृति उन्हें आहार उपलब्ध कराती है और प्रकृति उनकी रक्षा भी करती है। आदिवासी नृत्य, त्योहार और भोजन भी बहुत अनोखे और असामान्य होते हैं। ऐसे कई आदिवासी गीत, नृत्य, कहानियाँ, लोककथाएँ हैं जिनका दस्तावेजीकरण किया गया है और अन्य का दस्तावेजीकरण किया जाना बाकी है।

आदिवासी लोग अभी भी अपने संवैधानिक अधिकारों और विशेषाधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आदिवासी लोग भूमि की हानि, जंगलों की समस्याएँ, सड़कों की कमी, नेटवर्क एक्सेस और मुख्यधारा के विकास के कई मुद्दों का सामना कर रहे हैं। सरकार इन समस्याओं को पूरी तरह से समझने में सफल नहीं हो पा रही है।

समय आ गया है कि हम आदिवासी मुद्दों को समझने, संवेदनशील और दृढ़ निश्चयी बनने की शपथ लें। केवल तभी विश्व आदिवासी दिवस मनाने का कोई अर्थ होगा। मैं एक बार फिर भारत और विश्व के सभी आदिवासी भाई-बहनों को विश्व आदिवासी दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएँ देता हूं। मैं निवेदन करता हूं कि 9 अगस्त को नेशनल हॉलीडे के रूप में डिक्लेयर किया जाए।

(1305/YSH/SNT)

DR. RABINDRA NARAYAN BEHERA (JAJPUR): Thank you, Madam Chairperson, for giving me this opportunity to raise my topic in Zero Hour.

It was decided to develop waterway connectivity in the River Brahmani in Odisha and its branches Kharasrota and Kelua and other rivers of Odisha under the development of National Waterways (NW-5) by Inland Waterways Authority of India (IWAI) and other stakeholders, like Dhamra Port Company, and Paradip Port Trust for mineral and cargo transportation.

In the early days, the Sadhabas of Kalinga used to travel Java, Sumatra, Borneo, and other Asian countries for trading on the country boats through these rivers. This is an alternate to reduce road congestion and traffic control for mineral and cargo transportation, and simultaneously, to bring back the maritime heritage of Kalinga. In 2010, a tender was floated in this regard.

I request the hon. Minister of Ports, Shipping and Waterways to kindly look into this matter and revive the past glory of Kalinga by bringing back this project. A time frame in this regard may be communicated.

Thank you.

श्री बिष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) : माननीय सभापति महोदया, मेरे पिताजी सन् 1946 में पाकिस्तान, आज के बांग्लादेश से जान बचाकर पश्चिम बंगाल में भागकर आए थे। उसके बाद मैं किसी कारण से अंडमान निकोबार चला गया था। आज जो बांग्लादेश में हो रहा है, यहां पर ये सभी पश्चिम बंगाल के लोग बैठे हैं। ये चुपचाप बैठे हैं। ये कुछ नहीं बोलते हैं। वहां के लोग रिफ्यूजी बनकर यहां आते रहे। उन्हें भारत के अंदर गांव-गांव में भेज दिया गया।

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : माननीय सदस्य, शून्य काल का विषय रखिए।

… (व्यवधान)

श्री बिष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) : ये बांग्लादेशी लोग माँ की चीख पुकार नहीं सुनते हैं। रोना, पीटना, मृत्यु, काटना, चारों तरफ लूट मची है। बच्चों की मृत्यु और उनका अपहरण किया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी, सीपीएम पार्टी, तृणमूल पार्टी सब मिलकर बांग्लादेश का विरोध नहीं कर रही हैं। ये बांग्लादेश की आलोचना करे, चर्चा करे। … (व्यवधान) ये लोग मुंह नहीं खोलेंगे। पाकिस्तानी आओ, बांग्लादेशी आओ, इनकी तरफ से सिर्फ यही चलता रहा है। … (व्यवधान) मैं इसलिए विरोध कर रहा हूँ, क्योंकि तृणमूल पार्टी नहीं बोलेगी, कांग्रेस नहीं बोलेगी। राहुल गांधी मुंह नहीं खोलेंगे। … (व्यवधान) इनके लिए ये सिर्फ वोट बैंक है। बांग्लादेशी आओ, पाकिस्तानी आओ। मैं इसका विरोध करूंगा। पूरा सदन इसका विरोध करे तथा एक पत्र भारत द्वारा बांग्लादेश को भेजना चाहिए। यह मेरा अनुरोध है। … (व्यवधान)

ADV. ADOOR PRAKASH (ATTINGAL): Madam, I would like to draw the attention of the House towards the inordinate delay in the construction of sanctioned Railway Over Bridges in my parliamentary constituency of Attingal, Kerala.

Chirayainkeezhu Railway Over Bridge (LC-566) was sanctioned in the year 2013. The construction works were started only two years back and the inordinate delay in works is causing great difficulties to the public. Similarly, the Railway Over Bridge at Kaniyapuram level crossing (LC-573) was also sanctioned in the year 2013. The works of this ROB is not started yet and the public are facing extreme difficulties due to closure of railway gate at Kaniyapuram.

Apart from these two, works of following ROBs are also long pending: LC-567 – Sarkara, the year of sanction is 2013; LC-569 – Manjadimoodu, the year of sanction is 2013; LC-555 – Edava, the year of sanction is 2012; LC-557 – Venkulam, the year of sanction is 2012; LC-558 – Punnamoodu, the year of sanction is 2016; and LC-570 – Azhoor Gate, the year of sanction is 2018.

It is necessary to take immediate measures for the execution of these projects without further delay. I request the Government to complete the sanctioned Railway Over Bridges in Attingal constituency under Thiruvananthapuram Railway Division at the earliest.

Thank you, Sir.

(1310/RAJ/AK)

*SHRI ABU TAHER KHAN (MURSHIDABAD):Honourable Chairperson, My Constituency Murshidabad is a place of historical importance. It was once the capital of Bengal, Bihar, and Odisha. Nashipur Bridge has been constructed which is adjacent to the Murshidabad station. This Rail Bridge will reduce the distance of travel between Sealdah and North Bengal by 100 kms. Railway Services are yet to be started on the Rail bridge. Due to the Honourable Chief Minister Mamata Bandyopadhyay's initiatives, the construction of the Rail bridge has been completed after 10 long years. It has been 6 months since this bridge was inaugurated. New trains are yet to commence journey through the bridge. Through you I am requesting the authorities to resume rail services through this bridge. Since the construction of the rail bridge has already been completed, since it will reduce 100 km of distance between Sealdah and North Bengal, which will be eventually beneficial for the Railways; train services should readily kick off on the bridge to benefit the people of North Bengal. Murshidabad is a historical station, this place was once the capital of Bengal, Bihar, and Orissa, thus this station deserves to be modernized. There are many problems regarding the underpasses at Bhogobangola, Jiaganj, Lalgola- steps should be taken accordingly to amend those. Karimpur is a famous place in my constituency. A rail line needs to be constructed from Krishnanagar to Karimpur. If the new rail line gets constructed, people from two sub-divisions- Domkal and Tehatta will be benefitted. Honourable Chief Minister Mamata Bandopadhyay sanctioned this rail line during her tenure as the Railway Minister. There has been no progress since. I demand the rail line to be constructed. Around my constituency, there's Domkal on one side, there's Jolongi, there's Islampur on the other side- people of this large area will get benefitted, people hailing from North Bengal will also get benefitted, people living in the frontier areas which falls in the radius of 100 kms. from my constituency, they will all find this beneficial if they get to avail the Railway services. Thus, I am requesting through you, to escalate the work.

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) : सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय उद्योग मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र शिवहर की एक अत्यंत, महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकृष्ट करना चाहती हूं। शिवहर बिहार का एक सीमावर्ती जिला है, जो उत्तर में नेपाल और अन्य तीन दिशाओं में सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, और मोतीहारी से घिरा हुआ है। इस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है, जिसके कारण यहां से मजदूरों का बड़े पैमाने पर पलायन होता है। इसका प्रमुख कारण जिले में उद्योग-धंधों का अभाव है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते हैं। दूसरा कारण यह है कि वहां का एक मात्र रीगा चिनी मिल वर्षों से बंद पड़ी हुई है।

माननीय सभापति महोदया, रीगा चीनी मिल को अति शीघ्र चालू कराया जाए और साथ ही शिवहर जिले में सीमेंट उद्योग की स्थापना की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। यदि यहां एक सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना की जाती है, तो न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, बल्कि मजदूरों का पलायन भी काफी हद तक रुक जाएगा और राज्य को राजस्व में वृद्धि का लाभ भी मिलेगा। अतः, मैं आपके माध्यम से माननीय उद्योग मंत्री महोदय से आग्रह करती हूँ कि इस महत्वपूर्ण विषय को प्राथमिकता देते हुए शिवहर जिले में नए उद्योगों की स्थापना हेतु शीघ्र कार्रवाई की कृपा की जाए। इसके साथ ही, मैं फिर से आग्रह करूंगी कि रीगा चीनी मिल वर्षों से बंद पड़ी हुई है, वहां किसानों का काम रुक गया है। किसानों को उससे काफी राहत मिलेगी, मजदूरों को राहत मिलेगी, उसे शीघ्र चालू कराया जाए, यही आपसे निवेदन है। धन्यवाद।

---

*Original in Bengali

(1315/KN/UB)

श्री करण भूषण सिंह (कैसरगंज) : सभापति महोदया, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने मुझे पहली बार आज जीरो ऑवर में कैसरगंज लोक सभा क्षेत्र के लोगों के लिए आवाज उठाने का मौका दिया।

महोदया, मैं आपका ध्यान ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं और उनकी खेल तैयारियों में होने वाली समस्याओं की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। महोदया, मैं खुद शूटिंग का नेशनल खिलाड़ी हूं और कुश्ती जैसे खेल से बड़े लम्बे समय से जुड़ा हुआ हूं। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों की दैनिक परेशानियों से भली-भांति परिचित हूं। इसलिए खिलाड़ियों की मांग को माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय खेल मंत्री जी तक पहुंचाने का मेरा प्रयास है।

महोदया, मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र में छात्र-छात्राएं खिलाड़ी बनने के साथ-साथ पुलिस और फौज में भर्ती होने के लिए प्रयास करते हैं। युवा और विद्यार्थी अपने इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए प्रतिदिन सड़कों पर दौड़ लगाते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं घटती हैं और युवाओं की असमय मृत्यु होती है।

आज हमारे देश के गौरवशाली लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन से मैं मांग उठाता हूं कि मेरे कैसरगंज संसदीय क्षेत्र में खेल की गतिविधियों को संचालित करने के लिए एक उत्कृष्ट स्टेडियम उपलब्ध कराया जाये। धन्यवाद।

श्री देवेश शाक्य (एटा) : सभापति महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र एटा कासगंज में एटा से मंडल आगरा और कासगंज से मंडल अलीगढ़ के लिए जो मुख्य मार्ग है, इस आशय के साथ फोर लेन बनवाने का अनुरोध करना चाहता हूं कि वर्तमान समय में इन दोनों मार्गों पर अत्यधिक ट्रैफिक होने के कारण हर वर्ष इन मार्गों पर दुर्घटनाओं में कई लोगों को जान गंवानी पड़ती है।

मेरा आपके माध्यम से सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से आग्रह है कि इस जनहित के कार्य को इसलिए पूर्ण कराएं, क्योंकि सरकार की जो मंशा है, वे जिले से मंडल मुख्यालयों तक जुड़े हुए हैं। मैं इसे फोर लेन बनवाने का प्रस्ताव इसी बजट में करने का अनुरोध करता हूं।

इसके साथ-साथ मेरे संसदीय क्षेत्र कासगंज एटा के साथ फरुर्खाबाद, बदायूं, आंवला में बड़े पैमाने पर किसान चकोरी की खेती करते हैं। चकोरी से कॉफी का पाउडर बनाया जाता है। किसानों द्वारा इसकी पैदावार बहुत मेहनत एवं पैसा लगा कर की जाती है। लेकिन ठेकेदार इनकी फसल ओने-पौने दाम पर खरीदते हैं और किसानों का आर्थिक शोषण करते हैं।

मेरा आपसे आग्रह है कि कासगंज में इसका एक बड़ा सरकारी प्लांट लगाने की कृपा करें, जिससे किसानों पर हो रहे अत्याचार पर विराम लगाया जा सके और किसानों को चकोरी का सही मूल्य दिलाया जा सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI RAJABHAU PARAG PRAKASH WAJE (NASHIK): Madam, I would like to draw the attention of the House on the stalled Nashik-Pune High Speed Rail Project in my Nashik constituency. The project has immense potential to transform the economy of the surrounding areas as the project will pass through Nashik, Sinnar, Sangamner, Narayangaon, Rajgurunagar, and Chakan and will greatly benefit agriculture tourism and the industries of the region. The Nagpur-Mumbai Samruddhi Highway and the proposed Surat-Chennai Highway intersect on this route. Another aspect of this project is that it will create new avenues of economic development as it will connect the western and northern regions with the southern region.

Madam, through you, I would like to request the Ministry concerned to take immediate steps for the completion of the project at the earliest.

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : मैं शून्य काल को और आगे बढ़ा रही हूं। मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करती हूं कि सभी एक-एक मिनट में अपने विषय को रखें। मेरे पास बहुत सारे सदस्यों के नाम हैं। आप अपनी बात को एक मिनट में ही पूरी करें।

डॉ. संबित पात्रा जी।

(1320/VB/SRG)

डॉ. संबित पात्रा (पुरी) : माननीय सभापति जी, आपने शून्यकाल में मुझे एक अति महत्वपूर्ण विषय को उठाने की अनुमति प्रदान की है, इसके लिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

महोदया, आज 9 अगस्त का दिन एक ऐतिहासिक दिन है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ, राजेन्द्र लाहिड़ी, रोशन सिंह, चंद्रशेखर आजाद सहित उन सभी महान देशभक्तों और अमर बलिदानियों, क्रांतिकारियों को इस महान सदन के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता हूँ, जिन्होंने आज से सौ वर्ष पहले, ठीक सौ वर्ष पहले, 9 अगस्त, 1925 को काकोरी में अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र क्रांति योजना को मूर्त रूप प्रदान किया था।

महोदया, परन्तु दुर्भाग्य का विषय है कि इस ऐतिहासिक घटना को हमारी पाठ्य-पुस्तकों में, हमारे इतिहास लेखन परम्परा में और डिजिटल फुट-प्रिंट में वह स्थान नहीं मिला, जो मिलना चाहिए था, बल्कि काकोरी प्रतिरोध की इस घटना को काकोरी कांड, काकोरी षडयंत्र अथवा काकोरी डकैती के नाम से इतिहास की पुस्तकों में लिखा गया है। अगर आप अभी गूगल में सर्च करेंगे तो काकोरी कांस्पिरेसी, काकोरी ट्रेन डकैती, काकोरी ट्रेन रॉबरी, काकोरी षडयंत्र, काकोरी लूट जैसे नाम दिये गए हैं।

महोदया, कांड, डकैती अथवा षडयंत्र असामाजिक तत्वों द्वारा किए जाने वाले कुकृत्य होते हैं। यह उन शहीदों का अपमान है, जो इस देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए।

मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि सरकार एक एडवाइज़री जारी कर यह सुनिश्चित करे कि पाठ्य-पुस्तकों से 'काकोरी षडयंत्र' और 'काकोरी कांस्पिरेसी' हटा दिया जाए तथा इसके स्थान पर काकोरी की घटना को 'काकोरी प्रतिरोध' या 'काकोरी रेल ऐक्शन' के नाम से सम्मिलित किया जाए।

इसी प्रकार से, मैं संस्कृति मंत्री जी से भी अनुरोध करूँगा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर व्यापक प्रचार हेतु संस्कृति मंत्रालय पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराए और इस शताब्दी वर्ष में 'काकोरी प्रतिरोध' शताब्दी वर्ष का स्मारक सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किया जाए।... (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : माननीय सदस्य, कृपया सहयोग कीजिए।

श्री लुम्बा राम जी।

श्री लुम्बा राम (जालौर) : माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

महोदया, सिरोही जालोर में पिछले कई सालों से भू-जल स्तर में भारी गिरावट के कारण दोनों जिले डार्क जोन घोषित हो चुके है। इस क्षेत्र के किसानों को डार्क जोन से मुक्ति दिलाने हेतु माही बांध का पानी सिरोही जालोर जिले के लिए उपलब्ध कराएं। यह योजना 60 वर्षों से बनी हुई है, जिसे कांग्रेस सरकार ने कागजों में दफन कर रखी थी। ऐसे में किसानों की उम्मीदें भी टूट गई थी। मगर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र जी मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद किसानों को पेयजल और सिंचाई के पानी को लेकर फिर उम्मीद जगी हैं।

आपसे निवेदन है कि वर्ष 1966 में राजस्थान सरकार व गुजरात सरकार के बीच हुए समझौते के अनुसार माही बांध परियोजना का कार्य शुरू हुआ था। उस समय खोंसला कमेटी की रिपोर्ट1 सितम्बर 1965 के अनुसार गुजरात राजस्थान के बीच बोर्डर पर कडाणा बांध बनाना प्रस्तावित था। उस समय 01 अक्टूबर 1966 को राजस्थान एवं गुजरात सरकार के बीच माही जल बंटवारा समझौता में कडाणा बांध का निमार्ण हुआ था। उस समझौते के अनुसार, खेड़ा जिले में नर्मदा का पानी आने के बाद कडाणा और माही बांध के पानी का 2/3 हिस्सा राजस्थान को और गुजरात के खेड़ा जिले को 1/3 पानी मिलना तय हुआ था।

चूंकि वर्ष 2005 में नर्मदा का पानी गुजरात के खेडा जिले को मिल रहा है, तो अब समझौते के अनुसार जालोर सिरोही को अपने हक का पानी मिलना चाहिए। मुझे यह बताते हुए बड़ा दुख हो रहा है कि कांग्रेस सरकार ने किसानों के हक का पानी कडाणा बांध से पिछले 37 वर्षों में 27 बार ओवरफलो होकर 1.30 लाख एम सी एम पानी समुद्र में बह गया।

अतः पूरे पश्चिमी राजस्थान के किसानों की तरफ से मैं निवेदन कर रहा हूँ कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा के अनुसार किसानों के हित में कडाणा व माही बांध के पानी के लिए हाई लेवल नहर के माध्यम से, जालोर सिरोही व बाडमेर के गावों में पेयजल हेतु माही व कडाणा का पानी उपलब्ध कराएं।

मेरा पुन: निवेदन है कि यह योजना समय पर लागू करें। इसके लिए पश्चिमी राजस्थान का किसान वर्ग और जालोर सिरोही के किसान आपके आभारी रहेंगे।

(1325/SMN/PC)

*SHRI MALAIYARASAN D. (KALLAKURICHI): Hon. Chairman Sir, Vanakkam. I thank Hon Chief Minister of Tamil Nadu Hon. *Thalapathiyar* who has given an opportunity to this ardent follower like me belonging to an ordinary family of farmers to serve as a Member of Lok Sabha. I thank the Secretary of DMK Youth Wing who is the heartbeat of lakhs of youth of Tamil Nadu. I also thank the voters of Kallakurichi constituency who voted for me, besides the party cadre of DMK and cadre of alliance parties for their valuable support. More than 2 lakh people live in the mountains of Servarayan hills, Yercaud - the poor man's Ooty, Kalvarayan hills, Pachaimalai hills and Arunootru Malai of the areas in Kallakurichi and Salem Districts under the Kallakurichi parliamentary constituency. Farming is their primary profession. These people who are dependent on agriculture are not provided Patta or ownership right for their farm lands. People of this area and the Officials have informed me that the Department of Forests under the Union Government is causing delay in providing a No Objection Certificate. Therefore I urge upon the Union Government and the Department of Forests under them to immediately provide this NOC so as to protect the livelihood of the people of these areas. These people in mountainous areas should also be provided with road facilities. These tribal people are being affected due to these issues. I as a Member of Parliament representing these tribal people want them to get these facilities. Thank you.

श्री गुरजीत सिंह औजला (अमृतसर) : सभापति महोदया, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

महोदया, हमारे क्षेत्र में बासमती चावल की फसल बहुत होती है। बासमती चावल के एक्सपोर्ट का जो काम है, उस पर सरकार ने पिछली बार 1,200 डॉलर्स प्रति टन की कैप लगा दी थी। उसके विरोध के बाद उस कैप को 950 डॉलर्स प्रति टन कर दिया गया।

हमारे क्षेत्र में बासमती चावल की किस्में 1509, 1121, 1718 उगाई जाती हैं। जो बासमती चावल है, वह पूरे वर्ल्ड में इंडिया या पाकिस्तान में ही होता है। लेकिन इसके रेट ज्यादा होने की वजह से अब 1509 बासमती चावल का ऑर्डर हमारे एक्सपोर्टर को नहीं मिल रहा है। यह मिडिल ईस्ट को एक्सपोर्ट होता है। सारा ऑर्डर पाकिस्तान को मिल गया है।

मेरी सरकार से इसके लिए दरख्वास्त है। सरकार कहती है कि हमें किसानों की आमदनी दोगुनी करनी है। किसान की फसल अब पककर तैयार है, लेकिन 1509 बासमती चावल का ऑर्डर नहीं मिल रहा है। सरकार उसका कैप कम करे। पाकिस्तान में 700 डॉलर्स की कैप है, उससे कम होना चाहिए, ताकि हमारा किसान भी बच सके और हमारा व्यापारी भी बच सके।

मैं इसके लिए सरकार का धन्यवाद करता हूं।

SHRI C. N. ANNADURAI (TIRUVANNAMALAI): Madam, a new Bus Stand near Tiruvannamalai Railway Station in Tamil Nadu has been constructed. There is an urgent need to allocate funds for construction of a new railway over bridge connecting the railway station and the new bus stand. This will enable the passengers to make easy access/movement from bus stand to railway station and vice-versa. Besides, the proposed railway over bridge will also be connected with old bus stand. Therefore, I request the hon. Minister for Railways to allocate adequate funds for the project in the interest of the general public.

---

*Original in Tamil

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Thank you Chairperson Madam for giving me an opportunity to raise a matter of urgent public importance matter. Cashew industry is facing an unprecedented crisis and the situation is ignored by inaction of the Central Government and Ministry of Commerce and Industry.

It is shocking that around two lakh cashew workers are rendered jobless in the last four years in the Kollam, Alleppey, Pathanamthitta and Trivandrum districts and also in neighbouring States. This industry is facing a serious crisis. More than 10 people from the cashew industry committed suicide.

We have submitted so many memoranda to the Government of India for a special package for the cashew industry. But, unfortunately, the Government of India has not taken any step to revive the cashew industry in Kerala.
(1330/SM/CS)

So, I would like to request the Government, through you, that a special package should immediately be announced for the revival of cashew industries. At least Rs.1,000 crore should be given as revival package to the cashew industries in Kerala. Thank you.

श्री चंदन चौहान (बिजनौर) : महोदया, आपने मुझे एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर बात रखने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

महोदया, इस सदन के पक्ष, विपक्ष के हर व्यक्ति, सदन के हर चुने हुए माननीय सदस्य के क्षेत्र की यह समस्या है। मैं आपके माध्यम से इस विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

महोदया, आबादी क्षेत्र के ऊपर से जा रही एचटी और एलटी लाइंस के कारण, अगर मैं कहूँ तो यह गलत नहीं होगा कि किसी भी आपदा, जंग या महामारी से भी अधिक मौतें डेली होती हैं। ये एनसीआरबी के आंकड़े हैं, पिछले 10 वर्षों में वर्ष 2011 से लेकर वर्ष 2020 तक लगभग एक लाख लोगों की मौत हुई है। 12,500 से अधिक मौत वर्ष 2022 में हुई हैं। मेरे क्षेत्र बिजनौर लोक सभा के कुलचाना गाँव में और बरसात के सीजन में हर जगह इलेक्ट्रिक लाइंस की वजह से मौतों का आंकड़ा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

मेरा इतना ही कहना है कि जागरूकता और प्रीकॉशन, चाहे लाइंस को इंसुलेटिंग करना, रबड़िंग करना, उनकी हाइट एक्सटेंड करना आदि हैं। राज्य सरकारों के पास भी उनको चेंज करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। अगर इस विषय पर सदन का संरक्षण मिलेगा और उसके लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद होगा। आपने मुझे बात रखने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग (लुधियाना) : महोदया, मैं देश के एक बड़े गैंगस्टर के बारे में बात करना चाहता हूँ, जिसका नाम लॉरेंस बिश्नोई है और जिसका आतंक पूरे देश में है। आजकल वह गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। इसने दुनिया के मशहूर कलाकार सिद्धू मूसे वाला को मारा है। यह कहता है कि मैं सलमान खान को मारूँगा। पंजाब के अंदर उसका आतंक चरम पर है। वह व्यापारियों से फिरौती लेता है और जो व्यापारी फिरौती नहीं देता है, उसे मार दिया जाता है। कल क्या हुआ, जेल के अंदर से उसका इंटरव्यू आया है। पिछले 6 महीने पहले हमने शोर मचाया, हाई कोर्ट ने कॉग्निजेंस लिया, उसके बाद कल पता चला कि पुलिस के लोगों ने सीआईए में, जहाँ इंटैरोगेशन होता है, वहाँ पर एक बड़े मशहूर चैनल पर उसका इंटरव्यू आया। एक पंजाब में हुआ और एक राजस्थान में हुआ। जब वह कोर्ट में जाता है तो ऐसे चलता है, जैसे देश का... (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) जाता हो। वह व्यक्तियों का कत्ल करता है। क्या केंद्र सरकार उसके बारे में कुछ करेगी या नहीं करेगी? वह रोजाना लोगों को मारने का काम करता है। ये बाहर की बातें करते हैं, लेकिन देश में जिस बंदे ने आतंक फैला रखा है, इन्हें उसके बारे में कुछ करना चाहिए।... (व्यवधान)

श्री बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर) : महोदया, देश का... (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) वाला शब्द विलोपित करवा दीजिए।... (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : मैं देख लूँगी। जो भी शब्द वैसा होगा, हम उसे देख लेंगे।

SHRI ASIT KUMAR MAL (BOLPUR): Madam, I would like to draw the attention of the Government to the price hike of medicines. The people of our country cannot bear the excessive pressure of price rise anymore. The price of daily commodities is increasing day by day. The price of medicines is increasing at an alarming rate and it is exploiting the people.

The medicine manufacturing companies get a huge amount of money by electoral bonds. They do not care anybody. They are free to increase the cost of medicines. Has this Government any responsibility in this matter?

We have drawn the attention of the Government inside the Parliament to remove the GST on medicines. I would like to draw the attention of the hon. Prime Minister to this matter. Thank you for giving me the opportunity.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you very much, Madam. This is my first 'Zero Hour' submission in the Budget Session. It is relating to the Employees' Provident Fund pension.

In the Sixteenth Lok Sabha, I moved a Private Members Resolution and the Government appreciated it. A Committee was then appointed. It went into the matter of EPS,1995. It recommended to increase the minimum pension to a higher level. The Ministry of Labour and Employment also accepted it.

(1335/RP/IND)

It is pending before the Finance Ministry. So, my first submission is that the minimum pension should be enhanced as per the recommendations of the High Level Empowered Committee.

My second submission is regarding the inordinate delay in the disbursal of lawful pensionary benefits to the contributors for the pension on higher wages. The higher pension on the basis of actual wages should be provided as per the direction of the hon. Supreme Court's verdict dated 4th November 2022. It is clear on the part of the hon. Supreme Court that higher pension should be given on the basis of actual wages. But, it is quite unfortunate to note that there is a delay in that till now. Most of the PF offices are not disbursing the amount on time.

My third submission is regarding the unlawful introduction of *pro rata* calculation method for higher pension which is overpowering the Parliamentary provisions and disregarding the apex court judgement dated 4th November, 2022. The pensionable service and the wages are divided into two parts. After 1st September 2014, 30-35 per cent pension will be reduced. It is a gross violation of the hon. Supreme Court's judgement as well as the Act passed by the Parliament.

There is one more point that I wish to make. There is a non-compliance of the judgement dated 4th November 2002 of the hon. Supreme Court as well as the judgment dated 30th May 2004 of the High Court of Kerala with respect to the petitions of pensioners of CPSUs in Kerala. In Kerala, para 11 of the pension scheme has not been opted. They are now being denied this higher pension.

All these issues go to show that the Employees Provident Fund Organisation is always acting against the interests of the poor labourers in the country. Therefore, an urgent meeting may be conducted by the Government of India to address this serious issue.

With these words, I thank you very much for permitting me to speak.

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : सभापति महोदया, मेरा नाम भी लिस्ट में है।

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : मैं सभी माननीय सदस्यों को बताना चाहती हूं कि आप सभी के नाम मेरे पास हैं। आप धैर्य रखें, आप सबका नम्बर आएगा। आप सभी सहयोग कीजिए।

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : आपकी वजह से ही हमें उम्मीद है कि हमें बोलने का अवसर जरूर मिलेगा।

श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान (रतलाम) : सभापति जी, पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना बनाई गई थी, जिसके माध्यम से एक गांव दूसरे गांव से जोड़ा गया। मेरे संसदीय क्षेत्र रतलाम झबुआ अलीराजपुर में लोग फलिया में रहते हैं, जहां रोड नहीं है। जहां सड़कें नहीं होती हैं, वहां किसी प्रकार की व्यवस्था पहुंचाना आसान नहीं होता। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करती हूं कि जिस तरह से प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना बनाई गई थी, उसी प्रकार प्रधान मंत्री फलिया सड़क योजना बनाई जाए। धन्यवाद।

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल) : सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल के प्रतापगंज रेलवे स्टेशन जो पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत है। उक्त स्टेशन में मात्र 1 पैसेंजर ट्रेन तथा 2 एक्सप्रेस ट्रेनें चलती है। दोनों एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव प्रतापगंज रेलवे स्टेशन पर नहीं है। अतः जनहित में ट्रेन सं० 13211/ 13212-जोगबनी-दानापुर एक्सप्रेस तथा 13213/13214- जोगबनी- सहरसा एक्सप्रेस का ठहराव 2 मिनट प्रतापगंज रेलवे स्टेशन पर किया जाय। साथ ही वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या-12553/12554 तथा राज्यरानी एक्सप्रेस-ट्रेन संख्या-12567/12568 का विस्तार सहरसा से सरायगढ़ या सुपौल तक जनहित में किया जाए।

(1340/RV/NKL)

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : माननीय सभापति महोदया, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है और बांग्लादेश के साथ भारत के कूटनीतिक संबंध अच्छे भी रहे हैं। हम चाहते हैं और पूरा भारत चाहता है कि वहां पर फिर से एक बार शांति वापस आए।

महोदया, बांग्लादेश और भारत की जो सीमा है, वह करीब 4,096 किलोमीटर है। असम, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मेघालय जैसे प्रदेश बांग्लादेश के साथ जुड़े हुए हैं। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि भारत का वेस्टर्न बॉर्डर जितना सख्त बनाया गया है, वैसे ही ईस्ट और नॉर्थ-ईस्टर्न बॉर्डर, इंडो-बांग्लादेश बॉर्डर भी बहुत ही मजबूत बनाया जाए। वहां पर रिवराइन एरियाज़ भी हैं। वहां हमारी इंटरनेशनल बाउंड्री को मजबूत सुरक्षा मिले।

महोदया, जब वर्ष 1971 में बांग्लादेश आज़ाद हुआ, तब वहां करीब 24 प्रतिशत हिन्दू थे, पर आज वहां पर मात्र 6 प्रतिशत हिन्दू ही रह गए हैं और उनके ऊपर भी बहुत अत्याचार हो रहे हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने यह आग्रह किया है कि वहां हिन्दुओं को सुरक्षा मिले। मैं फिर से एक बार इस संसद के माध्यम से, सभी सांसदों के माध्यम से, बांग्लादेश सरकार, बांग्लादेश प्रशासन से यह अपील करना चाहता हूं कि बांग्लादेश में रहने वाले हर हिन्दू, हर माइनॉरिटी को पूरी सुरक्षा मिले। उन्हें किसी दूसरे देश न जाना पड़े, ऐसी मैं भारत सरकार से विनती करता हूं।

डॉ. शिव पाल सिंह पटेल (प्रतापगढ़) : माननीय सभापति महोदया, मैं, डॉ. एस.पी. सिंह पटेल आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

महोदया, मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में डॉ. सोने लाल पटेल मेडिकल कालेज की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। वहाँ पर मेडिकल सुविधा नगण्य है। वहां के लोग कहते हैं कि जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्ज़ा दे दिया गया है, लेकिन वहाँ की सुविधाएं आज भी जिला अस्पताल स्तर की ही है जबकि दूसरे जिलों के मेडिकल कालेजों में काफी सुविधाएं हैं। इस मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर यूनिट और ट्रामा सेन्टर नहीं हैं। वहां पर न्यूरो सर्जन, मनोचिकित्सक और हार्ट की बीमारी के डाक्टर भी नहीं हैं, तो वहां इलाज क्या होगा? एम.आर.आई. मशीन तो वहां लगी है, लेकिन इसके लिए वहां कोई ऑपरेटर नहीं है। लोगों को हर जाँच के लिए किसी प्राइवेट अस्पताल में या दूसरे जनपद में जाना पड़ता है। यहां सिर्फ नाम के लिए मेडिकल कॉलेज खोला गया है, पर उसकी उपयोगिता कुछ भी नहीं है, जिस कारण से वहां आये दिन बहुत से मरीजों की मृत्यु भी हो जाती है और मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता है। वहां के डायलिसिस सेन्टर में कम बेड होने के कारण जाँच के लिए मरीजों को लम्बे समय तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। वहां सिर्फ नाम के लिए मेडिकल कॉलेज है। वहां पूरे टीचर्स भी नहीं हैं, तो आगे पढ़ने वाले डॉक्टर क्या सीखेंगे?

महोदया, अतः आपसे अनुरोध है कि सदन के माध्यम से लोक महत्व के इन बिंदुओं पर ध्यान देते हुए उपरोक्त सभी सुविधाएँ उपलब्ध करायी जाएं। स्वास्थ्य मंत्री जी इस पर ध्यान दें।

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर) : माननीय सभापति महोदया, ग्रामीण क्षेत्रों को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए, ताकि मरीज जल्दी से जल्दी एम्बुलेंस के माध्यम से हॉस्पिटल पहुंच सके, इसके लिए पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने प्रधान मंत्री सड़क योजना को प्रारम्भ किया था। मोदी जी के काल में बीते दस सालों में मेरे यहां 4,528 किलोमीटर की रोड्स बनी हैं, लेकिन अभी जो नियम बना है कि तीन किलोमीटर से ज्यादा की दूरी पर रहने वाले गांवों को ही प्रधान मंत्री सड़क योजना से जोड़ा जाएगा, तो उसके चलते मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र में करीब 400 गांव ऐसे हैं, जो प्रधान मंत्री सड़क योजना या पक्के रोड्स से जुड़े नहीं हैं। वहां एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाते हैं और आये दिन वहां मरीजों और गर्भवती माताओं को खटिया में हॉस्पिटल ले जाना पड़ता है।

महोदया, आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस तीन किलोमीटर वाले नियम को रिलैक्स किया जाए। सभी गांव पक्के रोड्स से जुड़ने चाहिए, यह मेरा निवेदन है।

नियम-377 के अधीन मामले – सभा पटल पर रखे गए

1344 बजे

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : माननीय सदस्यगण, नियम-377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रखा जाएगा। जिन माननीय सदस्यों को नियम-377 के अधीन मामलों को आज उठाने की अनुमति दी गयी है, वे मामलों को 20 मिनट के अन्दर व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें।

Re: Implementation of 'Har Ghar Jal' Scheme under Jal Jeevan Mission in Shahjahanpur Parliamentary Constituency

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) में जल जीवन मिशन योजना "हर घर जल" के अन्तर्गत करवाए जा रहे कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं है। मुझे क्षेत्र में दौरे के दौरान निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही है कि जो निर्माण कार्य कार्यदायी एजेंसी के माध्यम से करवाए जा रहे हैं, वे गुणवत्ताविहीन और मानक के अनुरूप नहीं है। निर्माण कार्य में अत्यधिक घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है तथा कार्यदायी एजेंसी द्वारा कार्य को जिन छोटे-छोटे ठेकेदारों में बांटा गया है. उनको उक्त कार्य का अनुभव ही नहीं है।

कार्यदायी एजेंसी द्वारा जो पाइप लाइन डाली जा रही है. उसकी गुणवत्ता मी अत्यधिक घटिया है। पाइपलाइन बहुत हल्की है एवं साइट पर डालते समय टूट-फूट हो रही है। इसके अलावा पाइप लाइन डालने के उपरांत रोड को कहीं भी ठीक / रिस्टोर नहीं किया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर की सभी ग्राम पंचायतों में यह स्थिति है । जनपद के विकास खंड सिधौली के ग्राम मुर्छा में जल जीवन मिशन के तहत घटिया निर्माण सामग्री से बन रही पानी की टंकी की सीढ़ी गिरने से मजदूर भी घायल हुए हैं।

अतः मेरा अनुरोध है कि इस प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय मंत्रालय स्तर पर एक उच्चस्तरीय तकनीकी समिति गठित करके उपरोक्त पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच करवाने तथा कार्यदायी एजेंसी को तत्काल प्रभाव से ब्लैक लिस्ट करते हुए दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कठोर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने और कार्यों को कुशल कार्यदायी एजेंसी को आवंटित किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए।

(इति)

Re: Need to establish Horticulture and Forestry college in Maharajganj parliamentary Constituency, Bihar

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : महोदय, मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा, बिहार एक कृषि बाहुल्य क्षेत्र है। मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सारण (छपरा) जिला के मांझी एवं सिवान जिला के भगवानपुर हाट में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा स्थापित एक-एक कृषि विज्ञान केंद्र संचालित है। कृषि बाहुल्य क्षेत्र होने के नाते यहाँ के किसान एवं जनता की इच्छा होती है कि आज के आधुनिक युग में अपने बच्चों को कृषि से सम्बन्धित उच्च एवं आधुनिक शिक्षा दिलवाई जाये जिससे कि उनके बच्चे कृषि के क्षेत्र में ही अपने भविष्य को आगे बढ़ाते हुए। किसानों को उन्नत्त तरीके से खेती करने में अपना सहयोग प्रदान कर सकें । इसलिए हमारे क्षेत्र की जनता चाहती है कि उपर्युक्त दोनों कृषि विज्ञान केन्द्रों में से किसी एक में वागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय खोलवाया जाये। इन केन्द्रों के पास पर्याप्त जमीन उपलब्ध है।

अत : महोदय के माध्यम से माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के मांझी और भगवानपुर हाट में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में से किसी एक में वागवानी एवं वानिकी कृषि महाविद्यालय खुलवाया जाए। (इति)

Re: Displacement of people in Jayant in Singrauli district, Madhya Pradesh

डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) : सिंगरौली जिले के जयंत क्षेत्र में विस्थापन का सबसे बड़ा मुद्दा है। यह मेरे संसदीय क्षेत्र का सबसे बड़ा विस्थापन होगा इससे पहले इस क्षेत्र में जो भी विस्थापन हुये थे लगभग ग्रामीण थें। किन्तु इस विस्थापन में बाजार, शो-रूम, प्रतिष्ठान, बस स्टैण्ड, हास्पिटल, पूजा घर, स्कूल, स्पोर्ट्स के मैदान के साथ-साथ इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले श्रमिक सभी प्रभावित हो रहें है। 75 हजार से अधिक आवादी, 30 हजार से अधिक परिवार, 927 हेक्टेयर जमीन व 22 हजार से अधिक घर प्रभावित हो रहें है, जिसमें फारेस्ट लैण्ड भी है। कोल वियरिंग एक्ट के तहत धारा 4, 7, 8 व 9 का प्रकाशन हो चुका है। विस्थापन होना तय है। वहां की जनता भी राष्ट्रहित में, राष्ट्र की प्रगति, समद्धि हेतु अपना घर-वार छोड़ने को तैयार है किन्तु कुछ शंकाएं वहां के विस्थापितों को है। मै सदन के माध्यम से उन्हे उल्लिखित करना चाहता हूं- पूर्व में उस क्षेत्र में हुये सभी विस्थापन नियम सापेक्ष नही हुये है। अतः इस बार सब ठीक-ठाक होगा यह संशय है। जमीन किस दर से ली जायेगी यह स्पष्ट हो वर्ग मीटर या वर्ग फिट में। LARR प्राबधानों के अनुरूप हों। (इति)

Re: Need to construct a bridge over Ganga river in Bhadohi Parliamentary Constituency

डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) : मेरे संसदीय क्षेत्र भदोही के अंतर्गत कोनिया क्षेत्र में धन तुलसी से डेंगूरपुर तक गंगा नदी पर पक्के पुल की आवश्यकता है, जिसकी दूरी करीब 1 किलोमीटर है। आपको अवगत कराना है कि यह वह क्षेत्र है जो धार्मिक स्थल सीता समाहित स्थल, लव कुश जन्मस्थली और बाल्मीकि आश्रम के नजदीक है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में देश विदेश से दर्शनार्थियों का आवागमन होता है। अगर यहां गंगा पर पक्के पुल का निर्माण होता है तो 50 से ज्यादा गांव के ग्रामीण जिनकी संख्या लाखों में है, जो रोजी रोजगार के लिए आते जाते हैं और दर्शनार्थियों का आना-जाना रहता है और कोनिया क्षेत्र में प्रयागराज मिर्जापुर सहित मध्य प्रदेश और आसपास के कई क्षेत्रों में आने-जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। यह क्षेत्र भदोही जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर है। ऐसे में कोनिया क्षेत्र में गंगा पर पक्के पुल बनने से लाखों के आबादी को लाभ होगा। मैं सदन के माध्यम से मंत्री जी से मांग करता हूं कि तत्काल इस कार्य को करने की कृपा करें। (इति)

Re: Need to formulate a national policy to grant land rights to ancestral land of the people

SHRI RAJU BISTA (DARJEELING): The Forest Department in India was set up in 1864, whereas Tea Gardens in Darjeeling was set up in 1850s and Cinchona gardens in 1861 which means the Tea gardens and Cinchona gardens are older than the Forest Department. But today, the West Bengal Forest Department claims that even Tea Garden and Cinchona Garden land belongs to the Forest Department of State. But the State Government has not yet implemented the Forest Rights Act, 2006 passed by the Parliament. When the Tea Gardens and Cinchona Gardens where developed the British appropriated our ancestral lands and they refused to give land documents to our ancestors. Even though 77 years have been elapsed since independence, the Government of West Bengal is yet to grant Parja Patta land rights to the workers of Tea garden and Cinchona Garden. The people from Darjeeling region have done four Andolans for “LAND” and in recent days, the ownership of people’s ancestral land is claimed by the State Forest Department. Hence, I request the Central Government to form a National Policy to grant land rights to ancestral land of the people.

(ends)

Re: Need to complete construction of remaining portion of Agra – Tantpur court Road in Uttar Pradesh declared as National Highway

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) :आपको अवगत कराना है कि चंदौसी-आगरा-तांतपुर-कोर्ट मार्ग आगरा जनपद की जनता के लिये महत्वपूर्ण मार्ग है जो कि सी०ए०टी० मार्ग कहलाता है। जिसे चंदौसी से आगरा तक पूर्व में ही एन०एच० घोषित किया जा चुका है। मार्ग भी बन गया है परन्तु आगरा से तांतपुर-कोर्ट मार्ग का निर्माण नहीं किया गया है। अत: आपसे विशेष अनुरोध है कि आगरा-तांतपुर-कोर्ट मार्ग के शेष भाग का निर्माण कराने की कृपा करें जिससे यातायात में जनता को बड़ी राहत मिल सके।

(इति)

Re: Need to include tribal people of Dadra & Nagar Haveli and Daman & Diu in the Fifth and Sixth Schedules to the Constitution

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) : मै दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव जैसे आदिवासी बाहुल्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करती हूँ। दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव आदिवासी बाहुल्य प्रदेश होने से वहां के आदिवासी समुदाय के कई परिवारों को मूलभूत सुविधाए नहीं मिल रही है। जब मेरा प्रदेश आजाद हुआ था तब यह कहा गया था कि आदिवासी समुदाय को पांचवी और छठी अनुसूची में शामिल किया जायेगा। मेरा प्रदेश आदिवासी बाहुल्य प्रदेश होने के बावजूद प्रदेश के 80% प्रतिशत आदिवासी समुदाय को आजादी के बाद पांचवी और छठी अनुसूची में अभी तक शामिल नहीं किया गया है। पूर्व में मेरे पति श्री मोहन डेलकर जी नें इस विषय को कई बार सदन में उठाया था। मै संबधित मंत्रीजी से निवेदन करना चाहूँगी कि मेरे प्रदेश के आदिवासी समुदाय के लोगों को पांचवी-छठी अनुसूची मे शामिल कर अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए जिससे उनको सभी मूलभूत सुविधाएं मिल सकेगी। यदि रास्ता, पानी, लाइट, घर, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, रिजर्वेशन जैसी हर सुविधा मिलेगी तो ही आदिवासी समाज आगे बढ़ सकेगा।

(इति)

Re: Need for establishment of a Trauma centre in Keonjhar district, Odisha

SHRI ANANTA NAYAK (KEONJHAR): NH-20 and NH-49 are two most important National Highways which pass through heart of my constituency Keonjhar and are lifeline of this area. As these two NHs are connected to the major ports and mining areas, almost more than 10,000 trucks in addition to other vehicles ply daily through these two highways carrying mineral ores from mines to major ports. Due to heavy traffic on these two major highways lots of accidents occur on these highways and many precious lives are lost over the period due to unavailability of immediate medical facilities/trauma Centre in Keonjhar to treat the patients met with accidents. The nearest city/town with trauma Centre/medical facility to treat accident victims is quite far from my constituency and often it becomes too late to get urgent necessary medical treatment. Considering the increasing number of accidents and the consequent need for specialized medical intervention, I request the Government to initiate the process for the establishment/construction of a dedicated trauma centre in my constituency, Keonjhar district so that the time and risk associated with transporting patients to distant hospitals may be reduced, thereby minimizing complications and fatalities and precious lives of the people can be saved. (ends)

Re: Need to grant Divyanga status to ostomy patients

श्री विजय बघेल (दुर्ग) : ओष्टमी बीमारी एक ऐसी बीमारी है जिसमें मलमूत्र मार्ग में कैंसर हो जाने के कारण उन्हें ठीक करने के लिए शल्य चिकित्सा द्वारा एक कृत्रिम मार्ग निकालकर पेट पर एक बैग लगा दिया जाता है और मूल मार्ग से मलमूत्र का रिसाव न होकर कृतिम बैग में मलमूत्र का रिसाव होता है, इस बैग को हर 2 से 3 दिन में बदलना होता है, उन मरीजों में यह भी महसूस नहीं होता कि उनका रिसाव कब कहाँ और कैसे होगा | जब थैली भर जाए तो खाली करो और उस भयावह स्थिति की कल्पना कीजिये जब कहीं काम के दौरान रिसाव हो जाए तो सबके सामने मलमूत्र से सना हुआ बदबू भरा उनका कपड़ा, कैसी स्थिति में जी रहे हैं सोचा जाए तो नरक से कम नहीं है इनका जीवन। वर्तमान में देश भर में अनुमानतः ऐसे लगभग 10 लाख के आसपास मरीज हैं अतः मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री से यह अनुरोध करता हूँ कि चूँकि उनके शरीर का महत्वपूर्ण अंग काम नहीं कर रहा है इस बीमारी से पीड़ित लोगों को दिव्यांग का दर्जा देने की दिशा में सकारात्मक पहल जल्द से जल्द करने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to construct Road over Bridge in Satna City Madhya Pradesh and also provide additional funds for construction of Satna and Tamas Rivers

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदय मैं आपका ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना शहर की ओर दिलाना चाहता हूँ, देश के अन्दर 100 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की जिस महत्वपूर्ण योजना को मंत्रालय ने स्वीकृति दी है, उसमें सतना शहर भी शामिल है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि शहर में दिन-प्रतिदिन ट्रैफिक बढ़ता जा रहा है इसलिये सेमरिया चौक से पुरानी गल्ला मंडी होकर टिकुरिया टोला तक तथा सर्किट हाउस से रेलवे स्टेशन रोड होकर नजीराबाद कालोनी तक फ्लाई ओव्हर सड़क बनाने की हमारी मांग को स्वीकृति दी जाय, तथा स्मार्ट सिटी के तहत सतना एवं टमस नदी जिनके संगम से शहर को पीने का पानी दिया जा रहा है इन दोनों नदियों के संरक्षण हेतु अतिरिक्त धनराशि दी जाय। (इति)

Re: Need to promote spiritual tourism in Himachal Pradesh and also set up a Yoga Vidyalaya in Mandi area of the State

सुश्री कंगना रनौत (मंडी) : हिमाचल प्राचीन काल से ही भारत का गौरवमयी भूभाग रहा है| ऋषियों, देवताओ, स्वयं शिव- पार्वती, ऋषि वेद व्यास, मार्कण्डेय ऋषि , एवं पांडवो की तपो स्थली रही है । हिमाचल प्रदेश का कई ग्रंथों और पुराणों में इसका वर्णन मिलता है। हम अपनी संस्कृति , अपनी सभ्यता और प्राचीन पुण्य स्थलों को भूलते जा रहे है| आज दुर्दशा यह है कि लोग हिमाचल को भांग पीने, सस्ती शराब और रेव पार्टीज़ का पर्यटक स्थान मानने लगे हैं। इससे हमारी देव भूमि के देव समाज एवं सनातन संस्कृति को ठेस पहुँचती है। महाभारत काल में पांडव, ऋषि मुनि, तपस्या, ध्यान के लिए, और अध्यात्म की दृष्टि से लाभ के लिये हिमाचल प्रदेश आया करते थे| हिमाचल के प्राचीन गौरवमयी आध्यात्मिक इतिहास को देखते हुए मेरी आयुष मंत्रालय से हिमाचल प्रदेश की जनता की तरफ से यह मांग है की वहाँ आध्यात्मिक टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाए, मैं आयुष मंत्रालय से आग्रह करती हूँ कि बिहार की तरह हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र में एक वैश्विक सतर का योग विद्यालय खोला जाए, जहां देश विदेश से लोग आएँ और अध्यात्म एवं आयुर्वेद का लाभ उठाए। जिससे हिमाचल के बैभव और संस्कृति को वापस स्थापित किया जा सके।

(इति)

Re: Need to establish a 'Bharatiya Rashtriya Gramin Bank'

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : देश मे RRBs Act,1976 के तहत स्थापित RRB की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ।तब से लेकर आज तक ग्रामीण बैंक देश के 26 राज्यों तथा 3 केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी 22,000 से अधिक शाखाओं के माध्यम से लगभग 40 करोड़ आम जनता की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। ग्रामीण बैंकों का वर्तमान में आरक्षित लाभ लगभग 40,000/- करोड़ रुपए है तथा 50,000 करोड़ रूपये net worth हैं। ग्रामीण बैंकों के स्वामित्व का विभाजन इस प्रकार है- भारत सरकार- 50%, संबन्धित राज्य सरकार- 15%, sponsor bank- 35%। आज देश मे 12 स्पान्सर बैंक हैं जो कि देश के 43 ग्रामीण बैंक को प्रायोजन करने का काम करते हैं। जो राज्यों मे अलग-अलग संख्या मे हैं-UP- 3, Gujrat- 2, Mizoram- 1 ,Kerala- 1। हम आपके माध्यम से मांग करते हैं कि 40 करोड़ लोगों की सुविधा के लिय केन्द्रीय स्तर पर 'भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना की जानी चाहिए जो कि इन सभी बैंक को एक मुख्य अथॉरिटी के रूप मे संचालित करे। जिससे यह अलग-अलग स्पान्सर बैंक के संचालन से बाहर आ सके। इन बैंक मे व्यवसाय वृद्धि के अनुसार भर्ती हेतु निर्धारित नियमों के तहत अविलंब नई भर्ती, प्रमोशन की प्रक्रिया तेज की जानी चाहिये। अस्थायी रूप से सेवा मे 20,000 से अधिक स्टाफ को स्थायी किया जाना चाहिये। (इति)

Re: Need to set up a Trauma Centre at Gajraula on National Highway 9

श्री कंवर सिंह तंवर (अमरोहा) : मैं आपका ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 9 की ओर आकर्षित करता हूं। यह राजमार्ग मेरे संसदीय क्षेत्र, अमरोहा से गुजरता है इसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती रहती हैं। दुर्घटनाओं में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के घायल और हताहत होने की सूचना मिलती रहती है। इस एनएच के गजरौला क्षेत्र में चिकित्सा सहायता के अभाव में घायलो को उपचार के लिए आसपास के शहरों के अन्य हिस्सों में लंबी दूरी तय कर जाना पड़ता है। दिल्ली और हरियाणा सहित सभी पड़ोसी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हिंदू लोग विभिन्न त्योहारों पर गंगा नदी में पवित्र स्नान के लिए आध्यात्मिक स्थल गढ़मुकेश्वर आते हैं। इन त्योहारों पर हजारों की संख्या में लोग जुटते हैं । इसके अलावा, सप्ताह अंत में जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क, नैनीताल जाने वाले पर्यटकों की आवाजाही से भी इस राजमार्ग में वाहनों की भारी वृद्धि होती है। महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग 9 - गजरौला में कोई ट्रॉमा सेंटर नहीं है, इसलिए मैं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से अनुरोध करता हूं कि कृपया प्राथमिकता के आधार पर गजरौला में ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जाए ताकि दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित उपचार मिल सके।

(इति)

Re: Revised schedule to conduct Census of the Country

SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR): I wish to raise an urgent matter regarding the delay of the 2021 census, which has traditionally been conducted every decade for the past 100 years. The COVID-19 pandemic has disrupted this schedule, and it is imperative for the Government to declare about the revised schedule to prepare and plan effectively to conduct the census along with estimation of the budget for the purpose. Transparency in this regard is crucial for public trust. In light of the Supreme Court's directions on Dalit reservations and the Rohini Committee's recommendations for OBCs, it is vital to collect caste-based data to ensure fair implementation of reservation policies. We seek not just explanations but concrete assurances from the Government. Timely action and clarity on these issues are essential for upholding democratic principles and ensuring equitable policy implementation.

(ends)

Re: Poor condition of the National Highway stretching from Canacona to Pernem in Goa

CAPTAIN VIRIATO FERNANDES (SOUTH GOA): There have been massive landslides across the national highway stretching from Canacona to Pernem in Goa. The highways have also developed cracks, thus endangering the lives of motorists and people travelling on the route. There is a need for a thorough investigation to find out the cause and ensure that the huge amount of money spent on the construction of these highways does not go waste and accountability is fixed.

(ends)

Re: Need to set up an institute like AIIMS at Kasargod in Kerala

SHRI RAJMOHAN UNNITHAN (KASARAGOD): For the last 10 years people of Kasargod raising their voice in all platforms demanding that All India Institute of Medical Sciences (AIIMS) should come up in Kasaragod, as the proposal for School of Medicine under Central University Kerala (CUK) was shelved. AIIMS is the only health institution capable of conducting research and studies beyond the health backwardness of Kasaragod to find the root causes of endosulfan poisoning. The Government has an obligation to put an end to endosulfan misery, which can affect generations at least. It is the responsibility of the State and Central Governments to fulfill it. AIIMS is needed for this backward district where 14 lakh people reside and 86 lakh people live around the so-called backward district. AIIMS is an essential for Kasaragod district more than any other district, considering the state of healthcare facilities available. There is huge barren and unutilised land in Kasargod and the place currently identified by Government of Kerala in Kozhikode seems to be sufficient to build up a biggest medical organisation like AIIMS. Considering these factors, it's the need of the hour to establish a health institute like AIIMS in Kasaragod, Kerala.

(ends)

Re: Need to increase the limit of MPLADS fund from five crore rupees to fifteen crore rupees

SHRI VARUN CHAUDHRY (AMBALA): The MPLADS Fund limit of Rs. Five crore was last revised in the year 2011-2012. It is a high time to revise the MPLADS fund limit as the construction costs have increased. A reference may be taken from the CPWD Rates of 2011 & 2024. Goods and Services tax is also levied on the materials for construction works. The present amount is too meager to fulfill the expectations of the people. Therefore, I request to the Minister for Statistics & Programme Implementation through your good self to increase the limit of Rs. Five crore to Rs. Fifteen crore.

(ends)

Re: Need to release funds under Border Area Development Programme in Banaskantha Parliamentary constituency

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर (बनासकांठा) : अवगत कराना है सरकार द्वारा Border Area Development Program (BADP) के अंतर्गत ग्रांट आवंटित किया जाता था परंतु अंतिम बार वर्ष 2019 – 2020 के लिए ग्रांट आवंटित हुआ था। उसके बाद ग्रांट को रोक दिया गया। जबकि 19 –20 की यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट सभी जिलों द्वारा भेज दिए गए। उसके बाद वर्ष 2020-2021 के लिए सरकार द्वारा कार्य योजना भी मंगवा ली गई परंतु उसके बावजूद भी ग्रांट आवंटन नहीं किया गया। जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास रुक गया है। यदि यह ग्रांट आवंटित किया जाता है तो इससे सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास दुबारा से शुरू हो सकेगा। मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा सहित पाटन और कच्छ जिले पाकिस्तान की सीमा से सटे हुए हैं, जिसमे से मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के दो तालुका के 17 गाँव सम्मिलित है।

आप के माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि BADP के अंतर्गत रुके हुए ग्रांट को दुबारा शुरू कराने एवं कुछ और गावों को इस प्रोग्राम के अंतर्गत सम्मिलित कराने की कृपा करें। (इति)

Re: Need to provide stoppage of various trains at Kheta Sarai Railway Station in Jaunpur Parliamentary Constituency

श्री बाबू सिंह कुशवाहा (जौनपुर) : मेरा संसदीय क्षेत्र जौनपुर है] यह विकास की बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में अभी भी पिछड़ा हुआ है। लोगों को अपनी जीविका चलाने के लिए दिल्ली-मुम्बई जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता है। गाड़ियों के ठहराव के अभाव में कई किमी0 दूर दूसरे स्टेशनों पर जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। जनता वर्षों से खेतासराय रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों के ठहराव की माँग करती चली आ रही है। किन्तु सरकार का इस विषय पर कोई ध्यान नहीं है। जनता की परेशानियों को देखते हुए सरकार से माँग है कि जौनपुर के अन्तर्गत खेतासराय रेलवे स्टेशन पर दून एक्सप्रेस 13009 फरक्का एक्सप्रेस 13483-84 मेमो एक्सप्रेस 04217-18 गोदान एक्सप्रेस 11055-56 छपरा एक्सप्रेस 11059-60 आदि गाड़ियों का ठहराव किया जाय। और मुगलसराय से फैजाबाद 54109-10 वाराणसी से बालामऊ 54333-34 पैसेन्जर ट्रेन जो लगभग 8-10 वर्षों से बन्द पड़ी हुई है, इसका भी संचालन किया जाय, जिससे यात्रियों की यात्रा सुगम हो। (इति)

Re: Need to construct an over bridge/ under pass at level crossing No. 6A and 6B in Bisharatganj in Aonla Parliamentary Constituency

श्री नीरज मौर्य (आंवला) : आपको अवगत कराना है कि आंवला लोकसभा की बिथरी विधानसभा क्षेत्र जनपद बरेली उत्तर प्रदेश अंतर्गत आने वाली नगर पंचायत बिशारत गंज की आबादी 25000 होगी। यहां से गुजरने वाली रेलवे लाइन की क्रॉसिंग नंबर 6A एवं 6B अत्यंत व्यस्त मार्ग होने के कारण इस जगह ओवर ब्रिज/अंडर पास बनवाया जाना जनहित में अति आवश्यक है। बिशारत गंज, बरेली रेलवे स्टेशन पर ओवरब्रिज बनाया जाए जिससे यात्रीगण रेलवे लाइन कूद कर प्लेटफार्म पर ना जाए तथा बरेली से अलीगढ़-टूंडला-आगरा होकर बांदीकुई तक जाने वाली एकमात्र पैसेंजर को पुन: संचालित किया जाए।

(इति)

Re: Need to construct a road overbridge at level crossing No. 128 between Attur and Thalaivasal Railway Stations in Tamil Nadu

SHRI T. M. SELVAGANAPATHI (SALEM): People of 13 villages viz. Kattukottai, Deviyakurichi, Kamakkapalayam, Arathi Agragaram, Navalur, Punalvasal, Sathapadi, Sathasivapuram, Sarvoy, Vadakumarai, Thenkumarai, Manivizhunthan South and Manivizhundan North in Salem District were against construction of Limited Use Subway (LUS) at Kattukottai- Sadhasivapuram- Thedavur Road in lieu of LC.No.128 between Attur and Thalaivasal Railway Stations as it is not in their interest. Eight panchayats have passed resolutions against it. Considering prevailing of current law and order problem, District Administration has temporarily withdrawn permission given for LUS. Kattukottai industrial cluster has more than 20 sago factories and to these factors approximately 300 loaded tapioca Lorries and tractors reach every day as well as sugarcane to various sugar mills and all these go through this level crossing gate. Many educational institutions and Government offices and hospital exist just near to this gate. Famous SHRI VADACHENNIMALAI BALASUBRAMANIAR Temple which attracts over 3.00 lakh devotees during Panguni Uthiram festival is also near to this level crossing. As per Traffic census of Highways Department and Number of gate closures at this Level Crossing & Train Vehicle Unit in 2024 will be more than 1.00 lakh which qualifies elimination of level crossing. Therefore, it is urged that instead of Limited Use Subway, Road Over Bridge be constructed at LC.No.128. (ends)

Re: Need to accord the status of classical language to Marathi

SHRI RAVINDRA DATTARAM WAIKAR (MUMBAI NORTH-WEST): Hon. Speaker Sir, we have been demanding to accord the status of classical language to our Marathi language for the last many years. We do not only speak Marathi but also read, write and research in Marathi. It has got a glorious and historical heritage. The best quality literature is also available in abundance in Marathi language since ancient times. In the year 1278, Mhaïbhatt had written 'Leelacharitra' and Sant Dhyaneshwar composed 'Dyaneshwari' in 1290. Sant Eknath had written 'Bharud and added one more classic Epic named 'Eknathi Bhagmat Bhavarth Ramayan". The most adorable deity of Maharashtra Chhatrapati Shivaji Maharaj founded Maratha Empire. The archeological Department has the old and ancient records of Marathi scripts and texts as old as 1012 AD. We celebrate Marathi Language Day every year on 27th February. The Union Government has given the status of classical language to six different languages. When I was serving as a Minister in Maharashtra Government, I had sent a written request to Hon. Prime Minister in this regard on 19.2.2019. Marathi language fulfills the criteria to be accorded as a classical language. This is a matter of pride and honour for all the people of Maharashtra. Hence through you, I would like to request the Culture Minister to look into it personally and accord the classical language status to Marathi language.

(ends)

Re: Need to address the bottleneck in implementation of Jal Jeewan Mission Scheme in Krishna district in Andhra Pradesh

SHRI BALASHOWRY VALLABHANENI (MACHILIPATNAM): Jal Jeevan Mission is not just one of the Flagship Schemes of the Ministry, but is one of the priority projects of the hon. Prime Minister and hence we have to work collectively to reach the goals. The Machilipatnam Parliamentary Constituency falls under Krishna district of Andhra Pradesh and if it is looked at the progress of Jal Jeevan Mission – 'Har Ghar Jal' which aims to provide every household with safe and adequate drinking water through individual tap connections is yet to be realized fully in Krishna district. Out of 3,75,600 households in Krishna district, only 2.2 lakh households – which constitute just 59%, much below the national average of 78 – have been provided with individual tap connections. Jal Jeevan Mission was started in 2019 and 100% progress is to be achieved by 2024. But the pace with which the Government is providing tap water connections in Krishna district, I feel, it takes 4-5 more years to achieve 100%. There is a need to push things faster. I once again request you to kindly look into bottlenecks and hurdles in implementing JJM in Krishna district and see that they are removed and 100% households are provided with individual tap connections. (ends)

Re: Collegium system for appointment of judges in higher Judiciary

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : कॉलेजियम किसी के प्रति जवाबदेह नहीं है, जिससे अनियंत्रित शक्ति और अधिकार का दुरुपयोग होता है। कॉलेजियम भारतीय समाज की विविधता का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, जिससे सामाजिक वास्तविकताओं के दृष्टिकोण और समझ की कमी होती है। कॉलेजियम योग्यता पर वरिष्ठता को प्राथमिकता देता है। कॉलेजियम लोकतंत्र के सिद्धांतों को कमजोर करते हुए सत्ता को कुछ लोगों के हाथों में केंद्रित कर देता है। इन सबके परिणामस्वरूप एक ऐसी न्यायपालिका का निर्माण हुआ है जो एससी और एसटी के अनुभवों और दृष्टिकोणों को प्रतिबिंबित नहीं करती है। इससे न्याय तक पहुंच में कमी आई है, जिससे उत्पीड़न और भेदभाव का चक्र कायम है। दशकों से, एससी और एसटी को प्रणालीगत भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है। उन्हें शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच से वंचित कर दिया गया है। उन्हें हिंसा, उत्पीड़न और धमकी का शिकार होना पड़ा है। और फिर भी, कॉलेजियम प्रणाली इन मुद्दों को संबोधित करने में विफल रही है और इसके परिणामस्वरूप न्याय तक पहुंच में कमी आई है, जिससे उत्पीड़न और भेदभाव का चक्र कायम है। (इति)

Re: Need to take measures to promote production of foxnut seeds (Makhana) and also set up industry for makhana production in Purnia, Bihar

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : मखाना का बोटेनिकल नाम यूरेल फेरोक्स सलीब (कमल का बीज) कहा जाता है। मखाना एक ऐसा खाध पदार्थ है जिसके उत्पादन में न तो खाध और न ही कीटनाशक का इस्तमाल होता है। खर्च के नाम पर काफी कम पैसे लगते है। इसकी मांग पूरी दुनियां में है। क्योंकि यह रासायनिक प्रभावों से मुक्त ऐसा फल है जो पौष्टिकता से भरपूर है।

हमारे देश में लगभग 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मखाने की खेती होती है। जिसमे 80 से 90 फीसदी उत्पादन अकेले बिहार राज्य में होता है। इसके उत्पादन में 70 फीसदी हिस्सा मिथलांचल (मधुबनी, दरभंगा, कटिहार तथा पूर्णिया) का है। लगभग 1,20,000 (एक लाख बीस हजार) टन मखाने का बीज उत्पादन होता है। जिससे लगभग 40,000 (चालीस हजार) टन मखाने का लावा प्राप्त होता है। पारम्परिक रूप से अभी मखाने का उत्पादन किया जाता है। मखाना का फल कांटेदार एवं छिलकों से घिरा होता है, जिससे कि इसको निकालने एवं उत्पादन में बहुत कठिनाई होती है।

मखाना निकालने में लगभग 20 से 25 प्रतिशत मखाना बीज तालाब के सतह में ही छूट जाता है और वही 30 से 35 प्रतिशत मखाना छिलका उतारते समय खराब हो जाता है यानी बिहार में कुल मखाना बीज उत्पादन का 40 प्रतिशत ही मखाना तैयार हो पता है।

मखाना उत्पादन करने वाले किसानों को उपज का मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसान आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं। किसानों से 200 से 300 रूपए प्रति किलो मखाना की खरीद होती है जबकि यह बाजार में 1200 से 2000 रूपए प्रति किलो बेचा जा रहा है।

अतः भारत सरकार से मांग करता हूँ कि मखाना बीज उत्पादन हेतु उन्नत टेक्नोलॉजी कृषि यंत्र किसानो को उपलब्ध हो। वंही मखाना बीज से मखाना उत्पादन हेतु आधुनिक टेक्नोलॉजी आधारित उद्योग की स्थापना बिहार राज्य के कोशी सीमांचल क्षेत्र पूर्णिया में हो एवं सरकार मखाना का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करें ताकि बिचौलियों से किसानों को मुक्ति मिल सके। (इति)

(1345/VR/GG)

MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE – contd.

1345 hours

DR. SHARMILA SARKAR (BARDHAMAN PURBA): Thank you, Madam, for giving me an opportunity. I would like to speak about an important issue which has a huge impact on doctor-patient relationship, and the critical decision making by a doctor while performing medical procedures.

Madam, being a medical practitioner and educator, I am acutely aware of the dedication the medical students and the doctors bring to the patient care. But it is essential to remember that doctors are humans too. A doctor never intentionally harms his patient. When a doctor unintentionally makes a mistake, it can cause a huge trauma to the mind of the concerned doctor and it takes several days to overcome. When a patient dies, the family believes that the doctor was negligent. Even if the negligence was minor, the magistrate has no option other than to give him 'imprisonment and fine' both as a punishment under Section 106 of the Bhartiya Nyaya Sanhita, 2023.

Therefore, I respectfully urge the hon. Health Minister and the hon. Law and Justice Minister to consider including 'or' between 'imprisonment and fine' so that either imprisonment or fine or both can be given as punishment depending upon the severity of the negligence. This would provide a stringent punishment for a clear medical negligence while it will award less punishment for minor mistake.

Madam, in addition to this, I would like to say that a clarification is also needed on what basis the negligence will be determined and who will determine the negligence. We are looking forward to the hon. Minister of Health and the hon. Minister of Law and Justice to kindly consider the above requests for the betterment of the society. Thank you, Madam, for giving me the opportunity.

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) : सभापति महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र का एक बहुत ही मत्वपूर्ण विषय आपके समक्ष रखना चाहता हूँ।, जिससे लाखों लोगों का जीवन कष्टदायी बना हुआ है। एनटीपीसी का एक प्रोजेक्ट टांडा में है, जो 1320 मेगावाट का यूनिट है, उसके एशडैम से लगातार जिस तरह से राख उड़ती है, जिससे लगभग पचासों गांवों में दिन में भी अंधेरा छाया रहता है। जिसके कारण उनके खाने में, अगर वे बाहर बैठ कर खाना चाहें तो खाने में भी वह राख पड़ती है, रात में बाहर सोना चाहें, तब भी राख उनके बिस्तर पर पड़ती है। इस तरह से प्रदूषण के कारण वहां की हालत बहुत खराब है। वहां का जो एनटीपीसी प्रोजेक्ट है, वे सीएसआर के अंतर्गत, आरएण्डआर के अंतर्गत दूसरे जिलों में तो काम कराते हैं, लेकिन वहां पर इस समस्या के समाधान के लिए कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। अत: आपके माध्यम से विद्युत मंत्री और पर्यावरण मंत्री से निवेदन करना चाहूंगा कि इस समस्या का, जो सभी लोगों के जीवन के लिए खतरा बनी हुई है, उसका समाधान करने की कृपा करें।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : अधिष्ठाता महोदया, मैं एक अत्यंत लोक महत्वप के विषय को, जो सभी माननीय सदस्य के क्षेत्रों के साथ जुड़ा हुआ है, उसको आपके समक्ष रखना चाहता हूँ।

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में जैसा महत्व लोक सभा और राज्य सभा का है, प्रदेशों में विधान सभा और विधान परिषद का है, उसी तरह से जिला स्तर पर ग्राम सभाओं का और क्षेत्रीय पंचायत का है, जिसे बीडीसी भी कहते हैं। ब्लॉक प्रमुख का चुनाव उसी ब्लॉक डेवल्मेंट काउंसिल से होता है, जिसमें क्षेत्रीय पंचायत सदस्यों का चुनाव होता है। क्षेत्रीय पंचायत सदस्य प्रधान से भी बड़े क्षेत्रफल से जीत कर आता है, लेकिन विडंबना यह है कि विकास में उसकी कोई भागीदारी नहीं होती है। वह किसी प्रस्ताव को नहीं दे सकता है। सारे प्रस्ताव उस ब्लॉक डेवल्पमेंट काउंसिल के माध्यम से आते हैं। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि जब त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में चुनाव होता है और सभी राज्यों के, सभी लोक सभा में उन ब्लॉकों के क्षेत्रीय पंचायत सदस्य निर्वाचित हो कर आते हैं, तो उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। जैसे प्रधान, विधायक और सांसद की भागीदारी विकास के मामलों में सुनिश्चित होती है। उन्हें मानदेय भी नहीं मिलता है। जैसे प्रधान को मानदेय मिलता है या अन्य जनप्रतिनिधियों को मानदेय मिलता है। जनप्रतिनिधि होने के बावजूद भी उन्हें मानदेय नहीं मिलता है। मैं पूरे सदन की तरफ से मांग करता हूँ कि अपने देश के, अपने उत्तर प्रदेश के, सिद्धार्थ नगर के क्षेत्रीय पंचायत सदस्यों की विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, मनरेगा से ले कर या वित्त आयोग के प्रस्ताव में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो और उनको मानदेय दिया जाए।

(1350/SAN/MY)

SHRI KARTI P. CHIDAMBARAM (SIVAGANGA): Madam, I would like to bring to the attention of this House a policy of this Government, which is completely motivated by rank and blatant crony capitalism.

The polyester staple fibre is a necessary raw material for our textile industry. The international price is Rs. 80 a unit whereas the domestic price is Rs. 110 a unit. This Government has come up with a quality control order, which is a non-tariff barrier, which prohibits imports into the country to protect certain manufacturers who are profiteering from the high price in India. Due to this high price, our textile units are becoming unviable. In fact, there are very few manufacturers in India, who make polyester staple fibre, but there are many textile units which need to use it as a raw material. This Government is interested in protecting the interest of only a few. In fact, the biggest beneficiary of this non-tariff barrier is an A-lister company. Everybody knows who I mean when I say 'one of the A-lister companies'.

This blatant crony capitalism must be scrapped; this quality control order must be withdrawn; and the Indian textile units must be able to import polyester staple fibre at international prices so that the products manufactured by them are competitive. This crony capitalism must end right now.

Thank you, Madam.

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे (मावल) : माननीय सभापति महोदया, मेरे चुनाव क्षेत्र पनवेल नवी मुम्बई में नया एयरपोर्ट बनने जा रहा है। वर्ष 2025 में यहां से उड़ान शुरू होगी। जिस जमीन पर यह एयरपोर्ट बन रहा है, उस जमीन को अधिग्रहण करते समय बड़ा आंदोलन हुआ था। वह आंदोलन जिसके नेतृत्व में हुआ था, वह लोकनेते सांसद डी.बी. पाटिल जी के नेतृत्व में हुआ था। आंदोलन के समय तीन किसानों की जान भी चली गई थी। वहां के स्थानीय किसानों की मांग है कि इस एयरपोर्ट का नाम लोकनेते डी.बी. पाटिल के नाम पर दिया जाए। इस बारे में महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र सरकार के पास भी लिख कर भेजा है।

महोदया, इस एयरपोर्ट के पूरा होने के बाद, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि पनवेल, नवी मुम्बई में बन रहे नए एयरपोर्ट का नाम लोकनेते डी.बी. पाटिल का नाम दिया जाए। धन्यवाद।

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : सभापति महोदया, मैं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में एक बहुत बड़े पेंडिंग इश्यू के बारे में बोलना चाहता हूं। वर्ष 2021 के खरीफ फसल का क्लेम राजस्थान के चुरू लोक सभा क्षेत्र में जितनी राशि आई, उसमें से मात्र ढाई सौ करोड़ रुपये क्लेम का डिस्बर्समेंट हुआ। वहां काफी शिकायतें हुई, काफी किसानों ने आंदोलन किए। हम स्टैक्स ऐट लेवल असेसमेंट टेक्निकल कमेटी के पास गए।

महोदया, पिछले आठ महीने से स्टैक की किसी कमेटी की मीटिंग नहीं हुई है। किसान धरने पर बैठे हुए हैं। कंपनियों ने गलत प्रीमियम लेते हुए क्लेम डिस्बर्समेंट भी गलत किया। वहां किसानों के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। आज 450-500 करोड़ रुपये का क्लेम पेंडिंग पड़ा हुआ है। यह पिछले 2-3 सालों से पेंडिंग पड़ा हुआ है। मैं आपके माध्यम से राजस्थान सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि स्टैक की मीटिंग को जल्द से जल्द बुलाया जाए और किसानों के खरीफ वर्ष 2021 का क्लेम जो 550 करोड़ रुपये पेंडिंग पड़ा हुआ है, उसे डिस्बर्स किया जाए।

महोदया, साथ ही साथ हम वर्ष 2024 खरीफ का प्रीमियम 31 जुलाई को पे कर चुके हैं। आज तक वर्ष 2023 खरीफ डिस्बर्समेंट नहीं हुआ है। इस प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जो मैन एसेंस थी, उसको ही डिस्ट्रॉय कर दिया गया है। किसान एक-साल तक वेट करते हैं, लेकिन प्रीमियम नहीं मिलता है। मंत्री महोदय ने बात कही थी कि अगर किसान के क्लेम डिस्बर्समेंट लेट होता है तो 12 प्रतिशत का ब्याज दिया जाएगा। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि वर्ष 2021 का क्लेम विद ब्याज किसानों को जल्द से जल्द से आवंटित किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(1355/SNT/CP)

*SHRI NAVASKANI K. (RAMANATHAPURAM): Hon. Chairman Sir, thank you for this opportunity. In order to benefit the coastal areas of my Ramanathapuram Constituency, Karaikkal- Thoothukudi rail route was already planned. This rail route connects Karaikkal and Thoothukudi via Thondi, Ramanathapuram, Keelakkarai, Ervadi and Sayalgudi. This Scheme which was already in planning stage, should be implemented soon. The people living along the coastal areas will be benefitted by this rail route. This will also benefit them commercially. A new rail route from Manamadurai to Thoothukkudi via Parthibanur, Kamuthi, should be implemented in order to benefit the people of southern Districts of Tamil Nadu. Thangachimadam railway station was successfully operational 20 years ago. This station needs to be started again. Many trains pass through this rail route but do not have a stoppage Thangachimadam railway station. I urge that trains should have stoppage in Thangachimadam. Since this railway station was not functional, there was 30 acres of land available around this station. We can set up a Railway Yard in Thangachimadam. I once again urge that railway station at Thangachimadam should start functioning as before. People as a Group are staging agitations in this regard. I urge that this Thangachimadam railway station should be made operational very soon. Thank you.

*Original in Tamil

SHRIMATI D. K. ARUNA (MAHBUBNAGAR): Respected Madam, thank you very much for giving me an opportunity to speak in the House today.

On this occasion, I also thank Shri Narendra Modi ji who is an able, dynamic, and a visionary leader who aims to make India Viksit Bharat by 2047. With his blessings, I have won the Lok Sabha election. I also thank my constituency people for electing me to the Parliament representing from Mahbubnagar Parliamentary Constituency.

I would like to bring to your kind notice the need to set up a new Sainik School in Narayanpet district headquarters which falls in my Mahbubnagar Parliamentary Constituency in the State of Telangana. In this regard, I would say that, at present, there is no Sainik School in my entire constituency. My constituency people have urged me at various platforms whenever I go in my constituency.

Earlier, a survey was done and an extent of 50 acres of land was identified at Eklaspur village in Narayanpet district headquarters and Assembly Constituency for establishment of a Sainik School. But the then BRS Government has not allocated the land to establish the school. Therefore, I request the hon. Minister of Defence, through the Chair, to kindly intervene in the matter to expedite this project.

Thank you.

SHRI RAJMOHAN UNNITHAN (KASARAGOD): Thank you very much, Chairperson Madam, for giving me this opportunity. I would like to bring forward an urgent matter for immediate action. An amount of around Rs. 23 crore is to be distributed in the Kasargod Constituency area under the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS), which includes the wages of skilled, unskilled labour and the cost of materials. This is for both the current financial year 2024-25 and the previous year 2022-23. This amount of wages is arrears despite the rule that wages must be paid within 15 days of employment. The workers are entitled to compensation for delay in payment of wages if the wages are not paid within 15 days from the date of completion of muster roll. The workers are also entitled to compensation at the rate of 0.05 per cent of the wages payable for each day of delay beyond the 16th day after completion of the muster roll. For example, the Development Block wise details of the dues for the financial year 2024-25 are as follows: in Kanhangad, it is Rs. 75 lakh; in Karadka, it is Rs. 1.5 crore; in Kasaragod, it is Rs. 35 lakh; in Manjeswaram, it is Rs. 69 lakh; in Nileswaram, it is Rs. 75 lakh; in Parappa, it is Rs. 1.55 crore; in Payyannur, it is Rs. 55 lakh; and in Kalliasseri, it is Rs. 1.5 crore. The highest is Rs. 1.54 crore due in the Parappa block and the lowest is Rs. 34 lakh in Kasaragod block. Madam, I urge upon the Government to intervene in the matter immediately. Thank you very much, Madam.

(1400/SJN/AK)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : सभापति महोदया, आज मैं आपके समक्ष एक गंभीर समस्या भारत में ऑनलाइन गेमिंग की लत, विशेषकर जंगली रमी जैसे खेलों के संदर्भ में रखना चाहूंगा। इस डेंजरस ट्रेन्ड का एनॉलिसिस करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये खेल न केवल युवा पीढ़ी को प्रभावित करता है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों में भी गहरी छाप छोड़ रहा है।

1400 बजे (श्री जगदम्बिका पाल पीठासीन हुए)

भारत में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार वर्ष 2025 में 30 बिलियन डॉलर्स तक पहुंच जाएगा। इसमें एक बड़ा हिस्सा जंगली रमी का भी है, जिसमें पैसे दांव पर लगाए जाते हैं और इसकी लत ने कई लोगों को जिंदगियों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। जंगली रमी खेल की लत की समस्या इतनी गंभीर हो गई है कि नेशनल काउंसिल के अनुसार वर्ष 2023 में ऑनलाइन गेमिंग के कारण 30 प्रतिशत युवा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

Nearly 3.5 per cent of the Indian adolescents suffer from gaming disorder. इसमें 40 प्रतिशत लोग अत्यधिक पैसे की लत का शिकार हो चुके हैं। कई केसेज़ में तो ये गेम्स व्यक्तिगत और पारिवारिक वित्तीय संकटों का कारण बन गए हैं। उधार के कारण लोग आत्महत्या करते हैं।

माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) : आप संक्षिप्त में अपनी बात रखिए।

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : महोदय, जंगली रमी की विशेषता है कि यह एक बहुत ही आकर्षक और जल्दी जीत की उम्मीद देता है, लेकिन जब खिलाड़ी हार जाता है, तो अधिक खेलने की कोशिश करता है, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ती है।

हमें इस मुद्दे के प्रति जागरुकता फैलाने की बहुत आवश्यकता है। यह आवश्यक है कि हम स्कूलों, कॉलेजों और समाज के अन्य हिस्सों में गेमिंग की लत से जुड़े खतरों के बारे में जानकारी फैलाएं। इसके साथ ही साथ कड़े नियम और उचित कदम उठाने की जरूरत है, ताकि ऑनलाइन गेमिंग के क्षेत्र में अनुशासन और नियंत्रण स्थापित किया जा सके। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि जो हमारी युवा पीढ़ी है, वह सुरक्षित रहे और वह इस लत से बच सके।

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, लिस्ट में 54 मेंबर्स का नाम है। मैं चाहता हूं कि सभी 54 मेंबर्स बोल सकें। इसलिए आप लोग संक्षिप्त में अपना विषय रखें, ताकि वह भी कार्यवाही का हिस्सा बन सके। सभी मेंबर्स 30 सेकेंड्स में अपनी बात रखें।

श्री खगेन मुर्मु – उपस्थित नहीं।

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल जी।

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल (बांदा) : सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान एक लोक महत्व के विषय की ओर आकर्षित कराना चाहती हूं। हमारे देश में पानी की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही है। खासकर जलस्तर में निरंतर गिरावट के कारण पूरे देश में जल संकट गहराता जा रहा है।

यह समस्या मेरे लोक सभा क्षेत्र बांदा-चित्रकूट में भी है, जो कि अधिक गंभीर विषय है। 'हर घर नल योजना' को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि प्रत्येक घर तक पीने का पानी पहुंच सके। इसके लिए पाइपलाइनों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और नियमित रख-रखाव की व्यवस्था की जाए। सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए तत्काल योजना बनाई जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

माननीय सभापति : आपका विषय आ गया है। मैंने सबसे अनुरोध किया है कि 30 सेकेंड्स में अपनी बात कहिए।

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल (बांदा) : महोदय, वैकल्पिक जल स्रोतों की खोज और विकास पर ध्यान दिया जाए। जैसे नहरों की मरम्मत और तालाबों का पुनर्निर्माण तथा नदियों का जल भी उपयोग में लाया जा सके।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You should have patience. Everybody will get an opportunity. सबको बोलने का अवसर मिलेगा।

श्री खगेन मुर्मु जी, आप 30 सेकेंड्स में अपनी बात कहिए।

… (व्यवधान)

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : सभापति महोदय, मैं पूरे सम्मान के साथ यह तथ्य आपके सामने लाना चाहता हूं कि भारी बारिश और नदी की गहराई में कमी के कारण गंगा, फुलहर और कोशी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। इससे अभूतपूर्व बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है।

मेरा संसदीय क्षेत्र माल्दहा उत्तर और रतुआ-वन जैसे ब्लॉक के अंतर्गत खासमोहोल, नसीरुद्दीन टोला, भाषा राम टोला, कानतु टोला, महानंदा टोला और भिलाई मारी पंचायतों जैसे नदी किनारे के गांवों के आवासों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है।

(1405/SPS/UB)

इसमें 300 से अधिक परिवार गंगा, फुलहर और कोसी कटाव से प्रभावित हुए हैं।

माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) : आप मांग रख दीजिए। आप अपना विषय उठाइए। माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया अपना विषय उठाएं, जिसमें यह बताएं कि आपकी मांग क्या है।

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : सभापति महोदय, इससे हरिश्चंद्रपुर-II ब्लॉक के उत्तर और दक्षिण भकुरिया, रशीदपुर जैसे गांवों में लगभग 135 से अधिक परिवार फुलहर से प्रभावित हुए हैं।

माननीय सभापति : आप अपनी मांग रखिए।

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : महोदय, उपरोक्त सभी ग्रामीण दुर्भाग्यवश तीनों नदियों के कहर के कारण अपने घरों से विस्थापित होकर सड़कों पर आ गए हैं। … (व्यवधान) इन सभी लोगों को यथाशीघ्र उचित राहत एवं मुआवजा देकर पुनर्वासित किया जाना चाहिए।

माननीय सभापति : आप अपनी लास्ट लाइन कह दीजिए। More than 50 hon. Members have to speak. आपको यह समय बैलेट से अलग दिया गया है, इसलिए आपको तीन मिनट नहीं मिल सकते हैं।

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : महोदय, मैं ऐसी परिस्थितियों में आपसे निवेदन करता हूं कि गंगा, फुलहर एवं कोसी के तटवर्ती बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के मुद्दे पर तत्काल प्रभाव से माननीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल जी एवं पश्चिम बंगाल सरकार बाढ़ प्रभावित पीड़ितों के पुनर्वास की व्यवस्था तुरंत करे। धन्यवाद।

DR. RICKY A. J. SYNGKON (SHILLONG): Sir, I want to draw your attention to the NGT ban on mining and transportation of coal in the State of Meghalaya which are the major activities of the people of our State. However, the sad part is that, in spite of the ban, there is a High Level Group which is indulging in mining and transportation of coal. This is very serious. The Government of the day in Meghalaya is turning a blind eye to this activity. Therefore, I urge upon the Government to take up this issue seriously either to ensure that the blanket ban is enforced or open it so that the people are allowed who have been dependent on this important industry for their livelihood.

श्री नारायणदास अहिरवार (जालौन) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। मैं अपने संसदीय क्षेत्र जालौन, गरौठा, भोगनीपुर की जनता को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने मेरे क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखने का मौका दिया।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बुन्देलखण्ड में आता है, जो कृषि के क्षेत्र में अत्यधिक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। यहां के लोग ज्यादातर कृषि पर ही निर्भर हैं, लेकिन इस क्षेत्र में छुट्टा आवारा पशुओं की एक बहुत बड़ी जटिल समस्या बनी हुई है। ये आवारा पशु किसानों की फसल को तैयार होने से पहले ही खा जाते हैं या उसे नष्ट कर देते हैं।

माननीय सभापति : आपकी मांग क्या है?

श्री नारायणदास अहिरवार (जालौन) : सभापति जी, किसान अपने खेतों में बांस, बल्ली, तार की घेराबन्दी करने के बावजूद भी अपनी फसलों को नहीं बचा पा रहे हैं। किसानों के द्वारा मेहनत से तैयार की गई फसलों को आवारा पशुओं के नुकसान से किसान तबाही के कगार पर आ गये है, लेकिन इन छुट्टा आवारा पशुओं की समस्या का निस्तारण सही तरीके से आज तक नहीं हो पाया है।

मान्यवर, आपके माध्यम से सरकार से मेरा अनुरोध है कि मेरे क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं को रहने के लिए बड़ी-बड़ी गौशाला बनाकर उनके खाने-पीने की व्यवस्था कर दी जाए तथा उनकी देख-रेख के लिए वेतन पर लोगों की नियुक्ति की जाए, जिससे वे सही तरीके से उन पशुओं की देखभाल कर सकें। इससे आवारा पशुओं की सुरक्षा के साथ-साथ दूध और घी का उत्पादन भी होगा और साथ ही सरकार के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी। धन्यवाद।

(1410/MM/SRG)

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय रेल मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी की मंशा सबका विकास, सबका विश्वास और इसी तारतम्य में उन्होंने सामान्य रेल डिब्बे बढ़ाने का काम किया है।

2500 रेल डिब्बे बढ़ाए हैं, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि उज्जैन-झालावाड़ रेल लाइन के लिए उन्होंने पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं, उसका डीपीआर जल्दी से जल्दी बनाने का कष्ट करें। धन्यवाद।

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : धन्यवाद सभापति महोदय। राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव के लिए समर्पित गुजर समुदाय ने देश की हर लड़ाई में अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए असंख्य वीर सपूतों ने बलिदान दिया है। इसका उदाहरण सन् 1857 की क्रांति कोतवाल धन सिंह गुजर और बुलंदशहर के कालाआम में 140 गुजर क्रांतिकारियों को फांसी पर लटकाया गया। 27 नवंबर, 1940 की उनकी यह मांग है कि गुजर रेजिमेंट बनायी जाए। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि गुजर रेजिमेंट बनायी जाए।

SHRI SHAFI PARAMBIL (VADAKARA): Sir, thank you for giving me this opportunity. We know about the devastating experience of landslides in Wayanad. On the same day, on the same night, Vilangad town of my constituency also experienced a massive landslide. Sir, 150 houses were destroyed. They lost everything but life. Mathew Kulathinkal, affectionately known as Mathew master of that area, drowned away in the landslide. So many farmers have lost everything. We request a special package for Vilangad. It is a necessity. I urge the Government to declare a special package for Vilangad.

*SHRI BHASKAR MURLIDHAR BHAGARE (DINDORI): Hon. Chairman Sir, thank you very much for giving me this maiden opportunity to speak in Zero Hour. Today is World Tribal Day and would like to wish you all on this day. Onion is a main crop in my constituency. Onion producing farmers are facing serious problems today. The ban on onion export has been revoked but the export duty is very high which is around 40% and export value imposed is around 550 US dollars. So, our onion costs around Rs. 56 per kg. in international market whereas the onions from Pakistan are available as cheap as Rs. 28 per kg.

So, if the Government really want to ensure the financial benefit of these farmers, the export duty on onions should be removed immediately and NAFED should start procuring onions from the market committees and farmers directly.

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (मुजफ़्फ़रनगर) : धन्यवाद सभापति महोदय। मैं आपके माध्यम से एक लोक महत्व के विषय को सदन के माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाकर कार्रवाई की मांग करता हूं।

मान्यवर, सरकार ने प्रधान मंत्री रोजगार सृजन योजना पर बहुत शोर मचाया और इस योजना के अंतर्गत हमारे उत्तर प्रदेश में बहुत सारी इकाइयां लगी हैं, जिन्हें लोन भी मिला, परंतु आज तक

* Original in Marathi

उनको सब्सिडी नहीं मिल पायी है। जिला उद्योगों के द्वारा तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी सब्सिडी का समायोजन और स्वीकृति पत्र प्रदान नहीं किए गए हैं। जिला उद्योग केन्द्रों में पूछने पर बताया जाता है कि इसका सत्यापन सरकार द्वारा किसी प्राइवेट संस्था, जो किसी एक विशेष संगठन से जुड़ी हुई है, के माध्यम से कराया जाता है और अपनी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने के बाद ही सब्सिडी को ऋण में सम्मिलित किया जाएगा। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जो छोटी-छोटी यूनिट लगी थीं, उन सभी को सब्सिडी दे दी जाए। जिनकी सब्सिडी स्वीकृत है, उनकी सब्सिडी उनको दी जाए।

डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) : धन्यवाद सभापति महोदय, आपने शून्य काल में बोलने का अवसर दिया। मैं अपने क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्या पर अपनी बात कहना चाहूंगा। मेरे संसदीय क्षेत्र में पूनिया क्षेत्र है, वहां बहुत अधिक संख्या में लोग रहते हैं। वहां कई धार्मिक स्थल भी हैं, जैसे- सीता समाहित, लव-कुश जन्मस्थली, वाल्मीकि जन्मस्थली। वहां आने वाले लोगों को इलाहाबाद जाना होता है, प्रयागराज संगम जाना होता है, मध्य प्रदेश मैहर देवी के दर्शन के लिए जाना होता है और इसके लिए उन्हें काफी दूरी तय करनी पड़ती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि धनतुलसी से देंडूपुर का एक किलोमीटर का पुल है, उस पुल का निर्माण होना चाहिए।

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर) : धन्यवाद सभापति महोदय।

महोदय, मैं इंदौर से आता हूं और इंदौर क्लीनीस्ट सिटी ऑफ इंडिया है। लगातार स्वच्छता में नंबर वन है, स्मार्ट सिटी में नंबर वन है और इसके साथ-साथ 'एक पेड़ माँ के नाम से' के तहत एक दिन में 12 लाख पेड़ हमने लगाए हैं। देश में तेजी बढ़ता हुआ हमारा शहर इंदौर है। मैं सरकार से दो मांग करना चाहता हूं कि हमारे इंदौर में मेडिकल और फार्मा की बहुत सारी इंडस्ट्रीज़ हैं। सरकार इंदौर में फार्मा-ड्रग पार्क बनाए। मेरी दूसरी मांग है कि इंदौर में अच्छा गेहूं, चना और दुनिया का सबसे अच्छा सोयाबीन है और आलू है, जिसकी चिप्स बनती है। इंदौर में मेगा फूड पार्क बनाया जाए, यह मैं सरकार से मांग करता हूं।

(1415/YSH/SMN)

माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) : श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर – उपस्थित नहीं।

श्री वीरेन्द्र सिंह जी।

श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) : सभापति महोदय, मैं देश के अति महत्वपूर्ण संस्थान, बनारस यूनिवर्सिटी के अति संवेदनशील विषय पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

माननीय सभापति: आप 30 सैंकेड में अपनी बात पूरी करें और अपनी मांग रखें।

श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) : सभापति महोदय, मैं विषय पर ही आ रहा हूं। वहां पर अभी तक एग्जीक्यूटिव काउंसिल का गठन नहीं हो पाया है। केवल एक व्यक्ति उस पूरी यूनिवर्सिटी का संचालन कर रहा है, जिससे पारदर्शिता नहीं हो पा रही है। तीन साल से एग्जीक्यूटिव कमेटी नहीं बनी है, जो वहां पर सारे संचालन का काम करती है।

मैं मांग करता हूँ कि तत्काल संचालन के लिए एग्जीक्यूटिव बॉडी का गठन किया जाए।

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): Sir, I would like to draw the attention of the House to a very important matter regarding the State of Kerala. The 128-year old Mullaperiyar dam poses serious threat to the lives and livelihoods of five million people spread over four districts. This is a major concern of the people of Kerala. There is a Government Report which says this. Ageing water storage infrastructure and emerging global risk published in the 11th series of United Nation University Institute for Water, Environment and Health.

Sir, our major slogan is water for Tamil Nadu and safety for Kerala. I urge the Government of India to decommission Mullaperiyar dam and build a new dam which ensures water for Tamil Nadu and safety for Kerala.

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : सभापति महोदय, मैं सबको आदिवासी विश्व दिवस पर बधाई देना चाहता हूँ। सबसे पहले कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज और अररिया का जो इलाका है, वह बहुत ही गरीब और अत्यन्त पिछड़ा इलाका है। यहां स्मार्ट मीटर का आतंक है। मीटर को रिचार्ज नहीं किया जाता है। मिडिल क्लास, गरीब और अत्यन्त पिछड़े लोगों पर मीटर के द्वारा लगातार शोषण हो रहा है। यह स्मार्ट मीटर बहुत गलत है। इसकी रीडिंग की जांच बहुत ही आवश्यक है। मेरा आग्रह है कि कटिहार जिले में आज से तीन साल पहले विद्युत ग्रिड के लिए जिस जमीन का अधिग्रहण किया गया है, उसके लिए अभी तक सरकार ने जमीन नहीं दी है। विद्युत ग्रिड की जमीन आवश्यक है। मेरे क्षेत्र में बिजली की बहुत ज्यादा कटौती हो रही है। सबसे अधिक कटिहार और पूर्णिया में बिजली की कटौती हो रही है।

माननीय सभापति : आप सीनियर सदस्य हैं। शून्य काल में आप एक ही विषय को उठा सकते हैं।

श्रीमती संध्या राय (भिण्ड) : माननीय सभापति महोदय, मैं सरकार से आग्रह और निवेदन करती हूँ कि जिस तरह नगरपालिकाओं का मास्टर प्लान बनाया जाता है, उसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की जो हमारी पंचायतें हैं, उन पंचायतों का भी एक मास्टर प्लान बने, जिससे गांव की प्रत्येक गली, सीसी रोड तथा नाली सहित बनाई जाए। गांव में विद्युतीकरण हो, पानी की अच्छी व्यवस्था हो। गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था हो, क्योंकि गांव में नल से जल योजना का काम अभी ठीक से नहीं चल रहा है। इसलिए व्यवस्थित योजना बने और इसके लिए शासन की तरफ से पंचायतों का एक मास्टर प्लान तैयार हो।

श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा) : सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र धौरहरा-मोहम्मदी के अटवा, पिपरिया इलाके में, कस्ता के पाल्हापुर इलाके में, महोली के अमिरता इलाके में, नन्ही कटघरा और धौरहरा के कैरातीपुरवा इलाके में बाघ तथा तेंदुए का इतना आतंक है कि पिछले दो महीनों में जब से हम लोग सांसद बने हैं, तब से तीन कैजुअल्टीज़ हो चुकी हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। किसान अपने खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं।

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि इसकी रोकथाम की जाए। आप कल्पना कीजिए कि दिल्ली में बाघ आ जाए, तेंदुआ आ जाए, कहीं संसद में आ जाए। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, आपकी बात आ गई है।

श्रीमती संजना जाटव (भरतपुर) : सभापति महोदय, मैं अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के संदर्भ में कहना चाहती हूँ कि दिनांक 1 अगस्त, 2024 को माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एक आदेश में इन वर्गों के लोगों को उपवर्गीकरण करके आरक्षण व्यवस्था दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इस प्रावधान में राज्यों को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लोगों को सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया है।

(1420/RAJ/SM)

जिसमें वास्तव में लोगों का उपयोग राजनैतिक दल एवं सत्ता वोट बैंक के रूप में करने के आदेश हुए हैं। साथ इस आदेश द्वारा संविधान...(व्यवधान)

सुश्री बाँसुरी स्वराज (नई दिल्ली) : आदरणीय सभापति महोदय, दिल्ली में सीवेज की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और दिल्ली सरकार पूरी तरह संवेदनहीन है। मेरे अपनी लोक सभा क्षेत्र, जैसे किदवई नगर, कोटला, मुनिरका, कीर्ति नगर, राजेन्द्र नगर और कई अन्य पॉश इलाके भी पूरी तरह डूब रहे हैं। यहां पर नालों की डिसिल्टिंग नहीं कराई गई है और सुपर सकर भी बहुत ज्यादा प्रभावशाली नहीं है।

मेरा यह केन्द्र सरकार से निवेदन है कि हाई लेवल कमेटी का गठन हो, ताकि दिल्ली सरकार की निष्कर्मता की जांच हो सके और इस स्थिति से... (व्यवधान)

सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे (शोलापुर) : सभापति महोदय, केन्द्र शासन की स्मार्ट सिटी योजना है। मैं यह कहना चाहती हूं कि it is a money making racket. महाराष्ट्र में जितनी भी सिटीज हैं, जहां पर यह स्मार्ट सिटी बनाई जा रही है, वहां पर कुछ काम नहीं हो रहा है। महाराष्ट्र में लोकल बॉडी गवर्नमेंट ने पिछले तीन सालों से इलेक्शंस नहीं कराए हैं। इसीलिए जहां पर स्मार्ट सिटीज हैं, वहां पर अधिकारी और स्मार्ट सिटी के कॉंट्रैक्टर्स के बीच में नेक्सस है। शोलापुर में न रास्ता हैं, न एयरपोर्ट है और न ही पानी है।... (व्यवधान)

श्री उज्ज्वल रमण सिंह (इलाहाबाद) : सभापति महोदय, मै आपके माध्यम से प्रयागराज में मेट्रो रेल के संबंध में, इस महती सभा के माध्यम से सरकार का ध्यान ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की धरोहर पावन शहर प्रयागराज में मेट्रो रेल परियोजना में हो रही विलंब की समस्या की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। इसका अखिलेश यादव जी की सरकार ने डीपीआर स्वीकृत कर दिया था, इसको लाइट मेट्रो रेल में वर्तमान सरकार ने परिवर्तित कर दिया है।...(व्यवधान)

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) : सभापति महोदय, किसानों की उत्पाद को दोगुनी करने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयास करती आ रही है। मेरे क्षेत्र के कई किसानों को अभी भी वर्ष 2022-23 सीजन की फसल बीमा का लाभ नहीं मिला है। यह गंभीर मुद्दा है, जो किसानों को आर्थिक रूप से प्रभावित कर रहा है। तत्कालीन कृषि मंत्री जी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने इस मुद्दे को हल करने के लिए एक शिकायत निवारक समिति का गठन किया था। समिति ने लगभग 12 हजार किसानों से दावा-पत्र दाखिल कराया था, उसके बाद समिति ने इसमें जांच-पड़ताल कर लगभग 6,690 किसानों के दावे का सत्यापन किया, लेकिन उन्हें अभी तक लाभ नहीं मिला है। मैं सरकार

से अनुरोध करती हूं कि तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर इस प्रक्रिया में तेजी लाएं।...(व्यवधान)

SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR): Thank you, Sir, for giving me the opportunity.

HON. CHAIRPERSON (SHRI JAGDAMBIKA PAL): You have only 30 seconds. There are so many hon. Members who want to speak.

SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR): But Sir, I have to breathe also. It is an important issue. Please give me some time.

It is an important issue concerning violation of rights, harassment and mental torture to lady officers in UCO Bank in Odisha. Several lady officers have been transferred to far off places like Gujarat, Kerala and Karnataka in clear violation of Clause 14 of the Transfer Policy of the Bank. It clearly states that women officers shall be transferred within the presently posted States or any other adjoining States.

These ladies, as disciplined officers, went and joined and worked there for two years. They suffered great hardships and personal inconvenience, innumerable difficulties, leaving their husbands, children and parents. ... (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Dr. Prabha Mallikarjun.

SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR): Sir, please give me two seconds. It is a very important issue.

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude now. We have time constraint. I think you are well aware of it. There are so many Members who want to speak. I have given you an opportunity.

DR. PRABHA MALLIKARJUN (DAVANAGERE): Thank you, Sir, for permitting me to raise a matter of urgent public importance regarding upgradation of Mariyammanahalli SH25 road as National Highway.

Sir, this SH25 is an important major inter-State highway road which connects NH50, NH48 and NH69. It passes through three major districts of Central Karnataka, that is, Vijayanagar, Davangere and Shivamogga. I request the Minister of Road Transport and Highways to upgrade SH25 as National Highway from Mariyammanahalli to Shivamogga in the State of Karnataka. It is a long-pending demand of the people of central Karnataka. This upgradation will improve the socio-economic condition of this region.

(1425/KN/RP)

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : महोदय, मैं किसानों के बहुत ही गंभीर विषय पर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। कर्नाटक में पिछले एक वर्ष में 1200 किसानों ने कर्नाटक सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आत्महत्याएं कर लीं। वहीं उनके एक मंत्री ने किसानों के लिए कहा कि किसान आत्महत्याएं इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि 5 लाख रुपये किसानों को मिलते हैं। यह बड़े शर्म की बात है। हमारी भाजपा की सरकार ने 4 हजार रुपये उस समय दिए थे। माननीय प्रधान मंत्री जी ने 'प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि' में ऐड किए थे, उसको भी बंद कर दिया है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि कर्नाटक के अंदर किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। केन्द्र के सांसदों की एक सर्वदलीय कमेटी बना कर भेजने की कृपा करें।

श्रीमती शताब्दी राय बनर्जी (बीरभूम) *There is a road in my Lok Sabha Constituency Birbhum which connects Lohapur Station to Morgram Station, this road is beside the rail line and is currently at a distressing state. Even after repeated requests, the Railway Department has taken no measures for this. The people who elect us as their representatives, the people who come to us with their requests and complaints, the Railway Ministry and the Railway Minster should be answerable to their questions instead of us. They should answer why even after repeated requests, this work has not been done. Construction of overbridges and underpasses are immediately required in Srikrishnapur and Pakuria.

सर, आप इतना भी टाइम नहीं देंगे और आप खुद तीन मिनट बोल कर गए। हम 30 सैकेंड में क्या बोल सकते हैं? हम तीन घंटे से बैठे हैं और फिर बोलने नहीं देंगे।

*The Railway Authorities have closed six roads in Birbhum Railway Colony and Shantipara. People won't be able to commute through these roads, 3000 tribal people will not be able to go out of their homes. The situation is the same in Harijanpally, Kasaipur, Dakbanglapara. 4000 people are inhabitants of these colonies. They are not being able to get out, they are unable to go to school. People take them immediate actions. Even after repeated complaints to their Railway Ministry why they aren't not responding and taking any necessary step, I demand an answer for that.

माननीय सभापति (श्री जगदम्बिका पाल) : श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि – उपस्थित नहीं।

सुश्री इकरा चौधरी जी।

---

*Original in Bengali

सुश्री इकरा चौधरी (कैराना) : महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने क्षेत्र की एक बेहद गंभीर किसानों की समस्या आपके समक्ष रखना चाहती हूं।

